हरिभूमि
संस्कारधानी भूमि
रायपुर, मंगलवार 17 फरवरी 2026



# कड़ी सुरक्षा में 14 थानों में पहुंचे प्रश्नपत्र, परीक्षा के घंटेभर पहले खुलेगा लॉकअप

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच सोमवार को 10वीं-12वीं बोर्ड परीक्षा के लिए गोपनीय सामग्री का वितरण हुआ। माध्यमिक शिक्षा मंडल एवं शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने जांच पड़ताल के बाद केंद्राध्यक्षों को सामग्री का वितरण किया। इसके बाद गोपनीय सामग्री कड़ी सुरक्षा के बीच थानों तक पहुंचाई गई। परीक्षा के दिन एक घंटे पहले पुलिस थानों से केंद्राध्यक्षों को प्रश्नपत्र उपलब्ध कराए जाएंगे।

आगामी 20 फरवरी से कक्षा बारहवीं और 21 फरवरी से शुरू होने वाले कक्षा दसवीं बोर्ड की परीक्षा को लेकर प्रश्नपत्र और गोपनीय सामग्री का वितरण सोमवार सुबह स्टेटहाई स्कूल परिसर से किया गया। जिले के 14 थानों में प्रश्नपत्र को पहुंचाने के लिए तगड़ी सुरक्षा व्यवस्था तैनान की गई थी। शिक्षा विभाग ने 88 परीक्षा केंद्रों के प्रश्नपत्रों को अब पुलिस थानों के हवाले कर दिया है। चार दिन तक प्रश्नपत्र थानों में जमा रहेंगे। इसके बाद परीक्षा के एक घंटे पहले पुलिस द्वारा प्रश्नपत्रों को केंद्राध्यक्षों को सौंपा जाएगा। शिक्षा विभाग ने परीक्षा शुरू होने के आधा घंटे पहले प्रश्नपत्रों की पेटी खोलने के निर्देश केंद्राध्यक्षों को दिए हैं।

### 10वीं-12वीं की परीक्षा में बैठेंगे 25 हजार विद्यार्थी

शिक्षा विभाग से मिली जानकारी के अनुसार बोर्ड की 10वीं एवं 12वीं की कक्षाओं में कुल मिलाकर लगभग 25 हजार बच्चें शामिल होंगे। इसमें दसवीं कक्षा में 10096 और 12वीं कक्षा में 8015 बच्चें परीक्षा में शामिल होंगे। इसके लिए जिले में कुल 88 परीक्षा केंद्र तैयार किए गए है।



### इन थानों में पहुंचे प्रश्नपत्र

जिले के गैंदाटोला, छुरिया, चिचोला, डोंगरगढ़, बोरतलाव, बागनदी, शहर कोतवाली, लालबाग ग्रामीण थाना, बसंतपुर थाना, तुमड़ीबोड़, सोमनी, घुमका, मुड़िया मोहारा तथा डोंगरगांव थाने के अंतर्गत आने वाले 88 परीक्षा केंद्रों के प्रश्नपत्र थानों में पहुंच गए हैं। यहां से परीक्षा के दिन उसका वितरण केंद्राध्यक्षों को किया जाएगा।

### आधे घंटे पहले पहुंचेंगे परीक्षार्थी

माध्यमिक शिक्षा मंडल ने कक्षा दसवीं और बाहरवीं बोर्ड के परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्र में आधा घंटे पहले पहुंचने के निर्देश दिए हैं। इधर शिक्षा विभाग ने बोर्ड परीक्षा की तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया है। केंद्राध्यक्षों से लेकर उड़नदस्तों का गठन कर दिया गया है, जो नकल रोकने की दिशा में केंद्रों में दबिश देंगे।

# केमिकल फैक्ट्री में लगी आग, 7 घंटे की मशक्कत बाद पाया काबू

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

राजनांदगांव जिले के घुमका थाना क्षेत्र अंतर्गत मोहंदी स्थित एक केमिकल फैक्ट्री में भीषण आग लग गई। फैक्ट्री के स्टोरेज इलाके में चल रहे कुछ काम की वजह से आग की आशंका जताई जा रही है। इस हादसे में देर शाम तक किसी के हताहत होने की सूचना नहीं आई है। हालांकि एहतियातन तौर पर पूरे परिसर को पुलिस की मौजूदगी में खाली करा लिया गया था। आग की लपटें इतनी भयावह थी कि उसे बुझाने के लिए तीन जिलों की दमकल वाहनों को मौके पर बुलाया गया। सात घंटे से अधिक देर तक चली मुहिम के बाद आग पर काबू पाया जा सकां।

मिली जानकारी के अनुसार घुमका स्थित जया केमिकल फैक्ट्री में सोमवार दोपहर करीबन 12 से 1 बजे के बीच भीषण आग लग गई। आग की लपटें और धुएं का गुबार कई किलोमीटर दूरी तक दिखाई देने लग। इस घटना के बाद आसपास के ग्रामीणों में भी हड़कंप मच गया था। घटना के बाद प्रबंधन और स्थानीय ग्रामीणों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही घुमका थाना पुलिस मौके पर पहुंची। हालांकि अब तक घटना का कारण स्पष्ट नहीं है, लेकिन प्रथम दृष्टया शॉर्ट-सर्किट या केमिकल रिएक्शन की आशंका जताई जा रही है, लेकिन वास्तविक वजह जांच के बाद ही स्पष्ट होगी। पुलिस टीम ने बताया कि मौके पर फायर ब्रिगेड की कई गाड़ियां तैनात की गई है। दमकलकर्मी आग पर काबू पाने के लिए लगातार मशक्कत कर रहे हैं। एहतियात के तौर पर फैक्ट्री परिसर को खाली करा लिया गया है और आसपास के क्षेत्र को सुरक्षा घेरा बनाकर सील कर दिया गया है, ताकि किसी प्रकार की जनहानि न हो।



### बड़ी संख्या में अफसर तैनात

घुमका थाना अंतर्गत मोहंदी ग्राम के जया केमिकल फैक्ट्री में आग लगने की सूचना मिलते ही जहां संबंधित घुमका थाना की टीम मौके पर पहुंच गई थी। वहीं घंटेभर के भीतर ही तहसीलदार से लेकर अन्य थानों के प्रभारी एवं अन्य अफसर उपस्थित थे। देर शाम तक अफसरों की टीम मौके पर मौजूद रही।

### तत्काल खाली कराया परिसर

मिली जानकारी के अनुसार जया केमिकल फैक्ट्री में जिस स्थान पर आग लगी, वहां दर्जनों मजदूर कार्यरत थे। जैसे ही आग की लपटें दिखाई देने लगी, सभी परिसर से बाहर आ गए थे। वहीं पुलिस टीम ने भी मौके पर पहुंचकर पूरे परिसर को खाली कराकर मुख्य गेट को बंदकर दिया था। देर शाम तक मौके पर प्रबंधन के साथ ही पुलिस और प्रशासन के अफसर व टीमें उपस्थित रही।

### तीन जिले की छह फायर ब्रिगेड तैनात

बताया गया कि आग की भयावह स्थिति को देखते हुए तत्काल राजनांदगांव, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले के साथ ही दुर्ग जिले से कुल छह दमकल वाहनों को मौके पर बुलाया गया था। इन दमकल वाहनों से लगभग 32 से 35 वाहन पानी का छिड़काव आग को बुझाने के लिए किया गया। बताया गया कि आर्गेनिक केमिकल की फैक्ट्री होने की वजह से आग बुझाने में दिक्कतें आ रही है। इस केमिकल की आग को बुझाने के लिए उच्च क्वालिटी के फोम एआरएएफएफएफ की आवश्यकता है, लेकिन टीम के पास एएफएफएफ क्वालिटी का फोम था। जिससे मशक्कत हो रही थी।

# सीबीएसई की बोर्ड परीक्षा आज से

- ऑनलाइन मार्किंग सिस्टम के कारण अधिक में शिक्षक मूल्यांकन के लिए उपलब्ध होंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

सीबीएसई की दसवीं-बारहवीं की परीक्षाएं 17 फरवरी से प्रारंभ होगी। इसके पूर्व केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने परीक्षाओं के लिए वेबकास्ट कर नए दिशा-निर्देश जारी किए हैं। इस दौरान सीबीएसई ने बताया कक्षा 12वीं में ऑन-स्क्रीन मार्किंग से मूल्यांकन तेज होगा और समय 12 से घटकर 9 दिन हो सकता है। छात्रों को सुबह 10 बजे तक परीक्षा केंद्र पहुंचने की सलाह दी गई है।



स्कूल यू-ट्यूब के जरिये इस वेबकास्ट जुड़े। जिसमें बोर्ड परीक्षा 2026 से जुड़े नए दिशा-निर्देश और बदलाव की जानकारी दी गई। इस दौरान खासतौर पर कक्षा 12 के लिए ऑन-स्क्रीन मार्किंग सिस्टम और परीक्षा से जुड़ी एडवाइजरी पर चर्चा की गई। सीबीएसई के अनुसार हर साल करीब 18 लाख से ज्यादा छात्र 120 विषयों में कक्षा 12 की परीक्षा देते हैं और 1 करोड़ से अधिक उत्तर पुस्तिकाओं की जांच होती है। इस बार डिजिटल ऑन-स्क्रीन मार्किंग सिस्टम लागू होने से कॉपियों के ट्रांसपोर्ट और जांच में लगने वाला समय काफी कम हो जाएगा। बोर्ड ने सभी छात्रों को परीक्षा के दिन समय से पहले परीक्षा केंद्र पहुंचने की सलाह दी है। परीक्षा सुबह 10.30 बजे शुरू होगी, इसलिए छात्रों को 10 बजे तक सेंटर पर पहुंचना जरूरी है। ट्रैफिक जाम या डायवर्जन जैसी संभावित दिक्कतों की पहले ही पतासाजी करने कहा गया है। छात्रों को पहले से सेंटर जाकर रास्ता समझ लेने और समय का सही प्लान बनाने की सलाह दी है। सीबीएसई का कहना है कि नए डिजिटल बदलावों और स्पष्ट दिशा-निर्देशों का उद्देश्य परीक्षा प्रक्रिया को तेज, पारदर्शी और छात्रों के लिए अधिक आसान बनाना है।

### गणना में त्रुटि की गुंजाइश नहीं

बोर्ड के मुताबिक ऑटोमेटेड सिस्टम से मूल्यांकन तेज होगा और मानवीय हस्तक्षेप कम होगा। अधिक संख्या में शिक्षक डिजिटल तरीके से कॉपियां जांच सकेंगे। जिससे प्रक्रिया तेज होगी। सूत्रों के अनुसार इस बार विदेशों में संचालित सीबीएसई बोर्ड के शिक्षक भी मूल्यांकन कार्य का हिस्सा बनेंगे। इससे भी तेजी आएगी। मूल्यांकन का समय 12 दिनों से घटकर करीब 9 दिन रह सकता है। कॉपियों के ट्रांसपोर्ट पर लगने वाला समय और खर्च कम होगा। परिणाम घोषित होने के बाद अंकों की अलग से वेरिफिकेशन सुविधा नहीं होगी। यह निर्णय डिजिटल ऑन-स्क्रीन मार्किंग अपनाने के कारण लिया गया है। जिससे टोटलिंग या अंकों की गणना में त्रुटि की गुंजाइश खत्म हो जाएगी। यह नियम सिर्फ कक्षा 12 के लिए लागू होगा, कक्षा 10 के लिए नहीं।

## खबर संक्षेप

### घर में अवैध रूप से गांजा रखकर बिक्री

**छुईखदान।** अवैध रूप से मादक पदार्थ गांजा रखकर बिक्री करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है। आरोपी से 1.771 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार छुईखदान थाना क्षेत्र अंतर्गत पुलिस को 15 फरवरी को मुखबीर से सूचना मिली कि राजेश वैष्णव वार्ड नं. 10 कनक नगर अपने घर में अवैध मादक पदार्थ गांजा रखकर लोगों को बिक्री कर रहा है तथा अवैध धन लाभ अर्जित कर रहा है। सूचना पर वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में पुलिस टीम घटनास्थल वार्ड नं 10 कनकनगर आरोपी राजेश वैष्णव के घर का कमरा में घेराबंदी पर रेड कार्रवाई किया गया। आरोपी राजेश वैष्णव 29 साल के कब्जे से एक गुलाबी सफेद रंग के पॉलीथीन में अवैध मादक पदार्थ गांजा कुल वजनी 1.771 किलोग्राम कीमती 20,000 रुपए को जब्त कर आरोपी राजेश वैष्णव को 15 फरवरी को गिरफ्तार कर कार्रवाई करते आरोपी के विरूद्ध धारा 20(ख) एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया।

# गिरोह पकड़ाया, आभूषण-नगदी बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

सूने मकानों में चोरी के मामले की जांच पड़ताल करते पुलिस ने दो अरोपियों को पकड़ा। जिनसे चोरी के सोने-चांदी व नगदी रकम बरामद किया गया है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार प्रार्थी सुनिल साहू निवासी उदयपुर थाना छुईखदान ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि 11 फरवरी की शाम करीब साढे 5 बजे अपने खेत से वापस आया तो देखा कि घर के दो कमरे का दरवाजा खुला हुआ था तथा आलमारी टूटा एवं सामान बिखरा हुआ था। आलमारी को चेक करने पर आलमारी में रखे 30 हजार नगदी, 3 नग सोने की पत्ती, 1 नग सोने का टॉप्स, 2 नग चांदी की पायल व एक पुराना चांदी की पायल को कोई अज्ञात चोरी कर लिया गया। रिपोर्ट पर थाना छुईखदान में धारा 305-ए बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध किया गया। इसी तरह 9 फरवरी को ग्राम बफरा निवासी प्रार्थी रेखचंद साहू ने चौकी आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि 8 फरवरी को प्रार्थी परिवार सहित शादी में गया था। 14 फरवरी को वापस घर आने पर घर का ताला टूटा हुआ था तथा आलमारी में रखे नगदी 15 हजार रुपए, सोने का कान का टॉप्स नग, एक जोड़ी चांदी की पायल को कोई अज्ञात चोर चोरी कर लिया कि रिपोर्ट पर चौकी जालबांधा में अपराध पंजीबद्ध किया गया।

### आरोपियों से नगदी, आभूषण बरामद



आरोपी ओमप्रकाश साहू के अपने घर में बरामद कराने पर सोने का लॉकेट कुल 12 नग, सोने का कान का टॉप्स 1 जोड़ी, सोने की ईरिंग 1 जोड़ी, चांदी का लच्छा 1 जोड़ी, चांदी की पायल 8 जोड़ी, करधन, बिछिया और कड़ा तथा नगदी रकम 5 हजार रुपए कुल कीमती लगभग 3 लाख 34 हजार रुपए तथा आरोपी दिलेश्वर साहू के कब्जे से नगदी 1500 रुपए तथा घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल, सब्बल कीमती 60 हजार का जुमला बरामद किया गया। कुल 3,95,500 रुपए का मशरूका बरामद कर आरोपियों ओमप्रकाश साहू उम्र 19 वर्ष करमतरा एवं दिलेश्वर साहू 23 वर्ष करमतरा के विरूद्ध विधिवत कार्रवाई की गई है।

### सूने घरों में करते थे चोरी

पुलिस टीम को सूचना मिली कि ग्राम करमतरा चौकी जालबांधा का ओमप्रकाश जेल से छूटने के बाद फिर से अपने अन्य साथियों के साथ संदिग्ध रूप से घूम रहा है। सूचना के आधार पर ओमप्रकाश साहू, दिलेश्वर साहू, भुनेश्वर बंजारे का लगातार पतासाजी किया गया। आरोपियों को हिरासत में लेकर घटना के संबंध में पूछताछ पर आरोपी ने 11 फरवरी को उदयपुर के सूने मकान में घुसकर नगदी एवं सोने-चांदी के गहने चोरी करना स्वीकार किए। इसके अलावा 7 फरवरी को चौकी लिटिया दुर्ग के ग्राम बिरेझर के सूने मकान से नगदी एवं सोने-चांदी के गहने चोरी करना तथा 10 फरवरी को चौकी जालबांधा थाना खैरागढ़ के ग्राम बफरा में सूने मकान के नगदी एवं सोने-चांदी के गहने चोरी करना स्वीकार किए। चोरी किए गए सोने-चांदी के आभूषण को घर में छिपाकर रखना बताया।

### घटनास्थल का निरीक्षण

प्रकरण में छुईखदान, चौकी जालबांधा एवं सायबर सेल खैरागढ़ की संयुक्त टीम गठित की गई। पुलिस टीम द्वारा घटनास्थल पहुंचकर बारीकी से घटना का निरीक्षण किया गया तथा चोरी के पैटर्न के आधार पर आसपास के पुराने आरोपियो एवं संदिग्धों के बारे में पता लगाया गया तथा तकनीकी माध्यमों से भी आरोपियों के संबंध में जानकारी इकट्ठा किया गया।

# मारपीट कर शराब पीने पैसे की मांग, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

मोहल्ले में शराब पीकर गाली-गलौज, मारपीट कर शराब पीने के लिए पैसे की मांग करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर कार्रवाई किया है। बसंतपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थी द्वारा थाना बसंतपुर में रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि 15 फरवरी को लगभग 01 बजे वह डोंगरगांव से कार्य कर घर वापस




आया तो मोहल्ले में लोगों की भीड़ लगी थी। उसी दौरान एक महिला ने बताया कि मोहल्ले का निवासी विकास यदु शराब के नशे में गाली-गलौज कर रहा है।

### हाथ-मुक्के से मारपीट

प्रार्थी द्वारा मना करने पर आरोपी ने पास में रखा पत्थर का टुकड़ा प्रार्थी के घर की ओर फेंक दिया तथा मां-बहन की अश्लील गाली-गलौज करते जान से मारने की धमकी दी और शराब पीने के लिए पैसे की मांग की। प्रार्थी द्वारा पैसे देने से मना करने पर आरोपी ने प्रार्थी के साथ हाथ-मुक्कों से मारपीट की। रिपोर्ट पर धारा 296, 351(2), 119(1) भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। इस मामले में आरोपी विकास यदु को त्वरित कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।






## खबर संक्षेप



### मातृ-पितृ पूजन दिवस

**साल्हेवारा।** स्थानीय सेजेस में शनिवार को मातृ-पितृ पूजन दिवस मनाया गया। उपस्थित पालकों की आरती उतार कर बच्चों ने पूजा किया। कार्यक्रम में प्राचार्य विनीतदास, बहादुरसिंह खुशरो, गगन अग्रवाल, निजामसिंह मंडावी, हेमलता मंडावी, मन्नू मरकाम, मोहित रजक सहित अन्य शामिल हुए।

### माता-पिता को दिया उपहार



**अंबागढ़ चौकी।** पूर्व माध्यमिक शाला माहुद मचान्दुर में मातृ पितृ दिवस मनाया गया। इस मौके पर विद्यार्थी ने माता-पिता की पूजा कर उपहार दिया। कार्यक्रम में लखन सार्वा, विजय रामटेके, नरेश साहू, किशोर, किरण, नवीन गायकवाड़, रीना मेश्राम, अंगद मानकर, प्रेणम वर्मा, सुनील कुमार, अशोक साहू आदि शामिल हुए। श्री सार्वा ने छात्रों को प्रतिदिन माता-पिता की पूजा करने एवं उनकी आज्ञा का पालन करने प्रेरित किया।

### विधायक ने किया भवन का भूमिपूजन



**छुरिया।** पांडेटोला में विधायक भोला राम साहू ने कुदाली चलाकर सामुदायिक भवन का भूमिपूजन किया। विधायक साहू ने पूजा-अर्चना कर भवन निर्माण की शुरूवात की। उन्होंने कहा कि सामुदायिक भवन के निर्माण से सामाजिक, सांस्कृतिक गतिविधियों के संचालन में सुविधा होगी। इस दौरान ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कुमर्दा के अध्यक्ष प्रताप धावड़े, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष छुरिया राजू सिन्हा, पूरण नेताम, रोशन साहू, कीर्तन साहू, सुभाष ठाकुर, संतोष धनवागी सहित ग्रामवासी उपस्थित थे।

### कबड्डी का समापन आज

**खड़गांव।** ग्राम दोरबा में 16 और 17 फरवरी को कबड्डी प्रतियोगिता आयोजित किया गया। पहले दिन अतिथियों ने कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। प्रतियोगिता के जूनियर वर्ग की टीमों ने शानदार प्रदर्शन किया। कल 17 फरवरी को फायनल मैच खेला जाएगा जिसमें दर्शकों को जबरदस्त मुकाबला देखने मिलेगा।

### सामाजिक पदाधिकारियों का चुनाव 19 को

**बांधाबाजार।** अं चौकी के कबीर भवन मे जिला स्तरीय कोसरिया, पनिका मानिकपुरी समाज के पदाधिकारियों का निर्वाचन 19 फरवरी को सुबह 11बजे से होगा। समाजिकजनों ने जिले के स्वजातियों से निर्वाचन में शामिल होने की अपील की है। यह जानकारी जागृतदास मानिकपुरी ने दी।

### बच्चों ने की पूजा



**एलबी नगर।** स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर में मातृ पितृ पूजन दिवस मनाया गया। अतिथियों एवं प्राचार्य ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। बच्चों ने अपने माता-पिता की पूजा किया। इस मौके पर प्राचार्य सी यादव, आचार्य भगवानी पटेल, मुरली बंजारे, डेडियाराम साहू, संध्या मस्करी, ज्योति सोनी, यशोदा वर्मा, सोमेश्वरी साहू, मानसी साहू, नेहा मेश्राम, ज्योति साहू आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम के आयोजन में खिलेश्वरी एवं शाह साहू का सहयोग प्राप्त हुआ।

## शिवालयों में सुबह से रात तक चला पूजा-अर्चना और अभिषेक का दौर

# शिव की भक्ति में डूबे रहे श्रद्धालु, चहुंओर उल्लास

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़







मां बम्लेश्वरी की नगरी में ट्रस्ट समिति ने महाशिव रात्रि के मौके पर 3 दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया। शिवरात्रि के दिन प्रातः से प्राचीन शिव मंदिर में पूजा अर्चना किया गया। यहां भक्तों के लिए निः शुल्क पूजा समाग्री, अभिषेक की व्यवस्था ट्रस्ट समिति ने की थी। मेला प्रांगण में स्वर सम्राट दिलीप षडंगी एवं उनके म्युजिकल ग्रुप ने शिव, देवी महिमा, जसगीत आदि की मनमोहक प्रस्तुती दी गई। जिसमे देर रात भक्तों ने भक्ति गीतों का आनंद उठाया। मां बम्लेश्वरी की पूजा के साथ ट्रस्ट समिति के अध्यक्ष एवं ट्रस्टियों ने कार्यक्रम की शुरूवात की थी। अंतिम दिन गायिका शहनाज अख्तर की प्रस्तुति होगी।

**छुरिया।** आतरगांव में सर्व आदिवासी समाज एवं ग्रामवासियों के तत्वावधान में महाशिवरात्रि पर्व श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर भव्य कलश यात्रा निकाली गई। ढोल-नगाड़ों की गूंज और हर-हर महादेव के जयघोष से पूरा गांव भक्तिमय हो गया। इस दौरान रोहिदास कंवर, बुधरूराम कंवर एवं हेमकुमार कोल्हे, सरपंच खुशबु डामन साहू कार्यक्रम में शामिल हुए। महिलाओं ने सिर पर कलश धारण कर गांव का भ्रमण करते हुए शिव मंदिर पहुंची। यहां विधि-विधान से शिव की पूजा-अर्चना की गई। अंत में प्रसाद वितरण किया गया।



महाशिवरात्रि के अवसर पर ग्राम पंचायत जोब में ग्रामवासियों के सहयोग से मानस सम्मेलन का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष किरण वैष्णव थी। अध्यक्षता जिला पंचायत सभापति बिरम मंडावी ने की। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान शिव एवं प्रभु श्रीराम की पूजा तथा मंगलाचरण से हुई। मुख्य अतिथि श्रीमती वैष्णव ने कहा कि धार्मिक आयोजन समाज को संस्कारवान बनाते हैं और आपसी भाईचारे को मजबूत करते हैं। उन्होंने कहा कि रामचरितमानस हमें मर्यादा, कर्तव्य और आदर्श जीवन जीने की प्रेरणा देता है। इस अवसर पर रुपम कोर्राम, दुरपतबाई, मीनाबाई मंडावी, सुलोचनाबाई, चमेलीबाई साहू, निरतन बाई, प्रीतम नेताम, अर्जुन लाल, रोधन उईके, प्रताप मरकाम सहित अन्य उपस्थित थे।

### प्रसादी वितरण

**सड़क अतरिया।** महाशिवरात्रि के मौके पर नर्मदा स्थित लोधेश्वर महादेव मंदिर में महाभिषेक एवं पूजा अर्चना का आयोजन किया गया। जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीणों ने सामूहिक शिव आराधना किया। तत्पश्चात प्रसादी वितरण किया गया। सुमधुर रामायण पाठ किया गया। इस मौके पर प्रदेश किसान कांग्रेस के महासचिव कामदेव जंघेल, पूर्व विधायक गिरवर जंघेल, मोतीलाल जंघेल, अशोक जंघेल, कविता जंघेल, गोरेलाल जंघेल, श्रवण जंघेल, हुकुम जंघेल, प्रियंका जंघेल, लुकेश्वरी जंघेल, शारदा जंघेल, पुलेन्द्र, संतकुमार सहित अन्य शामिल हुए।

**खड़गांव।** महाशिवरात्रि पर्व 15 फरवरी को श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया गया। इस दौरान मंडई मेला का आयोजन किया गया। महाशिवरात्रि के मौके पर विधि-विधान से भगवान शंकर एवं माता पार्वती की पूजा किया गया।इस अवसर पर नाच पार्टी का कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसे देखने के लिए आसपास क्षेत्रों के लोग बड़ी संख्या में पहुंचे।

**गंडई पंडरिया।** गंडई से 6 किमी दूर ग्राम बरबसपुर के प्राचीन शिव मंदिर में 15 फरवरी को महाशिवरात्रि पर्व श्रद्धापूर्वक मनाया गया। रियासतकालीन इतिहास समेटे इस मंदिर में जय शिव शक्ति दुर्ग समिति ने पूजा-अर्चना एवं अभिषेक का आयोजन किया। युवराज लाल टारकेश्वर शाह खुशरो की विरासत का प्रतीक यह मंदिर अपनी प्राकृतिक सुंदरता और ऐतिहासिक महत्व के लिए जाना जाता है। आयोजन को सफल बनाने में संरक्षक नीरज शर्मा, अलिंद्र यादव, अध्यक्ष रॉकी कश्यप, उपाध्यक्ष बालुदेव निषाद सहित सदस्य मिथिलेश, नीलकंठ, सोनू, दिलेश्वर, गोकरण, धनेश्वर, डोगेन्द्र, पंकज, विरेन्द्र, समीर, सलील, तिलक यादव और बाकु खुशरो

### मंदिर में नवनिर्मित डोम शेड लोकार्पित

**सड़क अतरिया।** महाशिवरात्रि के मौके पर विधायक यशोदा वर्मा ने चोरड़ाधाम पहुंच कर डोंगेश्वर महादेव का पूजा अर्चना किया। इस अवसर पर उन्होंने मंदिर परिसर में दस लाख की लागत से बने डोम शेड का लोकार्पण किया। उन्होने कहा कि अब दर्शनार्थियों को गर्मी एवं बरसात में परेशानी का सामना करना नहीं पड़ेगा। उन्होंने लोगों की आस्था को ध्यान में रखकर विकास का आश्वासन दिया। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष लाल टारकेश्वर साह खुशरो, नीलाम्बर वर्मा, मोतीलाल जंघेल, विजय वर्मा, चेतन देवांगन, दिलीप ओगरे, रामकुमार पटेल, मन्नू चंदेल, अशोक जंघेल, हेमंत वैष्णव, बलदाऊ जंघेल, आनंद पटेल, गणेश राम वर्मा, शिव पटेल, जितऊ राम पटेल सहित अन्य मौजूद थे।



# भाजपा के राज में सभी वर्ग परेशान: बघेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरिया

- जैतगुंडरा में सामाजिक भवन लोकार्पित

ग्राम जैतगुंड़रा में अखिल भारतीय भूमिपूजन आदिवासी ध्रुव गोड़ समाज खोभा के श्री बूढ़ादेव मंदिर में महाशिवरात्रि पर्व एवं सामाजिक भवन लोकार्पण कार्यक्रम में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल शामिल हुए। श्री बघेल ने ही सीएम रहने के दौरान समाजिकजनों की मांग पर 50 लाख की स्वीकृति दी थी। निर्माण के बाद उन्होंने भवन का लोकार्पण किया। इस दौरान विधायक भोलाराम साहू, दलेश्वर साहू, नवाज खान, पूर्व विधायक छन्नी साहू उपस्थित थी।



### आत्महत्या करने मजबूर किसान

इस मौके पर श्री बघेल ने कहा कि बड़ी समस्या किसान के साथ है। फसल पैदा होने के बाद किसान उसे बेच नहीं पा रहे हैं। खाद की समस्या भी किसान ने झेला है। परेशान किसान आत्महत्या करने मजबूर हैं। बिजली की हाफ बिल की योजना की समाप्त होने से अधिक बिल आ रहा है। मनरेगा जैसी योजना को बंद होने से श्रमिकों को काम नहीं मिल रहा है।

### आत्मीय स्वागत

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के चिचोला पहुंचने पर कांग्रेस नेताओं ने उनका आत्मीय स्वागत किया। कांग्रेस महामंत्री चुम्मन साहू के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने बाजे-गाजे, फूलमालाओं एवं आतिशबाजी के साथ अभिनंदन किया। इस अवसर पर भावेश सिन्हा, अमित अग्रवाल, सरपंच संगीता मंडलोई, फज्जू भाई, विनोद मंडलोई, राकेश धनकर, प्रेम नादेश्वर, श्यामलाल सिन्हा, खेदूराम पाल, मनेश पाल, नवीन पाल, हेमंत सिन्हा, मंगलू साहू, चंद्रिका वैष्णव, तुमेश साहू, घनश्याम साहू सहित अन्य मौजूद थे।

# योग प्रशिक्षण शिविर का होगा आयोजन

- बैठक में बनी विस्तृत कार्य योजना

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबागढ़ चौकी

बस स्टैंड के मंगल भवन में पतजंलि योग समिति से जुड़े पांचों संगठन के पदाधिकारी ,सदस्य एवं योग साधक बहनों एवं भाइयों की जिला स्तरीय बैठक आयोजित की गई।

बैठक में पतंजलि योगपीठ हरिद्वार द्वारा संचालित पतंजलि योग समिति, भारत स्वाभिमान न्यास द्वारा 25 फरवरी से 21 मार्च तक आयोजित होने वाले सह -योग शिक्षक प्रशिक्षण शिविर के आयोजन पर चर्चा किया गया। सदस्यों ने निर्धारित तारीख से तीनों विकासखंड में शिविर आयोजित करने का निर्णय लिया। बैठक में जिला प्रभारी डॉ रंजन साहू, अशोक वर्मा, अशोक साहू, सोमदत्त साहू, रामेंद्र तिवारी, डीके राम, संपतलाल छेदैया, बल्दूराम यादव, ममता देवांगन, लोकनाथ, चंदा साहू, शैल तिवारी, ऐश्वर्या, राजलक्ष्मी कोर्राम, अनिता घीया, यशवंत साहू, आशीष कसार, संजीत नायक आदि उपस्थित थे।



# वन क्षेत्र में अवैध कटाई और खनन

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

दक्षिण बोरतलाव वन क्षेत्र में अवैध कटाई, खनन और ईंट भटटे का संचालन हो रहा है। क्षेत्र के कर्मचारियों की सांठगांठ से विभागीय कार्य की आड़ में राशि का गबन किया जा रहा।

हाल ही में विद्युत मंडल ने किसानों के खेत में पंप कनेक्शन के लिए वृक्षों की कटाई किया गया। इस मामले में नोटिस जारी करने के बाद रफा दफा कर दिया है। दक्षिण बोरतलाव क्षेत्र से मिटटी, मुरूम और रेत की अवैध निकासी भी हो रही है। कुछ वन कर्मियों की गाड़ी खनिज के परिवहन में लगी हुई हैं। इसी प्रकार ईंट भटटों में जंगल के हरेभरे वृक्षो की कटाई कर खपाया जा रहा है। वहीं फर्नीचर व्यापारी नीलामी की लकडी खरीद कर तस्करों द्वारा लाई जा रही इमारती लकडी के फर्नीचर बना कर राजनांदगांव, दुर्ग, भिलाई में सप्लाई कर रहे है। तलाब गहरीकरण जैसे कामों को मजदुरों से कराने के बजाए जेसीबी मशीन से कराने का आरोप वन विभाग पर लगा है।



# बघेरा में नुक्कड़ नाटक और सांस्कृतिक कार्यक्रम

**राजनांदगांव।** कॉन्फ्लूएंस कॉलेज की बीएड प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत ग्राम बघेरा में सामुदायिक भ्रमण का आयोजन किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य ग्रामीण समुदाय की सामाजिक, शैक्षणिक एवं आर्थिक स्थिति को समझना तथा उनमें शिक्षा, स्वच्छता एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाना था।

प्रो. विजय मानिकपुरी ने बताया कि विद्यार्थियों द्वारा गांव के विभिन्न वार्डों में जागरूकता रैली निकाली गई। रैली के दौरान शिक्षा के महत्व, स्वच्छ भारत अभियान, स्वास्थ्य सुरक्षा, बालिका शिक्षा एवं सामाजिक जागरूकता से संबंधित नारे लगाए गए। जिससे ग्रामीणों में सकारात्मक संदेश पहुंचा।

प्राचार्य डॉ. रचना पांडे ने बताया कि सामुदायिक भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों द्वारा ग्राम स्तर पर सर्वेक्षण कार्य भी किया गया। इस सर्वे के अंतर्गत परिवारों की शैक्षणिक स्थिति, छात्रों की विद्यालय उपस्थिति, स्वच्छता व्यवस्था, पेयजल सुविधा, स्वास्थ्य सेवाएं एवं विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी एकत्र की गई। बीएड विद्यार्थियों ने कक्षा में बच्चों को सरल, रोचक एवं गतिविधि-आधारित शिक्षण विधियों से अध्ययन करना तथा उन्हें स्वच्छता, समय पालन, अनुशासन एवं नियमित अध्ययन के महत्व से अवगत कराया।



### आयोजन से ग्रामीणों को लाभ

विभागाध्यक्ष प्रीति इंदौरकर ने बताया कि भ्रमण के अंतर्गत ग्राम के विभिन्न वार्डों में जन-जागरूकता अभियान चलाया गया। जिसमें ग्रामीणों को स्वच्छता बनाए रखने, बच्चों को नियमित विद्यालय भेजने, नशामुक्ति अपनाने तथा स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने प्रेरित किया गया। आयोजन की अतिथि सरपंच ऐश्वर्या देशमुख एवं उप सरपंच ने कहा कि यह सामुदायिक भ्रमण बीएड विद्यार्थियों के लिए अत्यंत उपयोगी, अनुभववर्धक एवं शिक्षाप्रद सिद्ध हुआ। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम से विद्यार्थियों को समाज की वास्तविक परिस्थितियों को समझने का अवसर मिला। जिससे उनमें सामाजिक उत्तरदायित्व एवं कुशल शिक्षक बनने की भावना का विकास होगा। इस आयोजन में विद्यार्थियों ने छत्तीसगढ़ की संस्कृति को प्रस्तुत किया। गीत-संगीत के साथ नुक्कड़ नाटक द्वारा ग्रामवासियों को जागरूक किया। सामुदायिक कार्यक्रम में विद्यार्थियों के साथ-साथ विभाग के प्राध्यापकों की उपस्थिति रही।

## स्टेशन रोड सात घंटे जाम कर दिया धरना

# रकम वापसी की मांग पर उग्र हुए खाताधारक

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

जटकन्हार पोस्ट ऑफिस में करोड़ों रुपये के कथित फर्जीवाड़े से आक्रोशित ग्रामीण खाताधारकों ने सोमवार को डोंगरगढ़ स्थित पोस्ट ऑफिस पहुंचकर अपनी जमा राशि वापस करने की मांग को लेकर जमकर हंगामा किया।

जिम्मेदार अधिकारियों के अनुपस्थित रहने से नाराज ग्रामीणों ने पोस्ट ऑफिस के सामने रेलवे स्टेशन रोड जाम कर धरना दे दिया और नारेबाजी शुरू कर दी। ग्रामीणों का आरोप है कि पोस्ट मास्टर और फील्ड ऑफिसर दोनों अवकाश पर चले गए हैं। दफ्तर में केवल पोस्टमैन मौजूद थे, जिन्होंने प्रभारी फील्ड ऑफिसर के खैरागढ़ से आने की बात कहकर चुप्पी साध ली। अधिकारियों की गैरमौजूदगी से आक्रोशित ग्रामीण सड़क पर उतर आए और रेलवे स्टेशन रोड पर बैठकर धरना देने लगे।



### आठ गांव के खाताधारक पहुंचे

धरने में बेलगांव, माड़ीतराई, कटली, धुसेरा, हरणसिंघी, नागतराई, डारागांव और जामरी गांवों के प्रभावित खाताधारक बड़ी संख्या में शामिल हुए। ग्रामीणों का कहना था कि जटकन्हार के फरार पोस्ट मास्टर ने हजारों खाताधारकों के साथ धोखाधड़ी की है। प्रारंभिक जांच में करोड़ों रुपये के गबन की आशंका जताई जा रही है।

### दिया आश्वासन

स्थिति को नियंत्रित करने विधायक के कॉल करने के बाद एसडीएम भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई होगी। इधर संभागीय पोस्ट ऑफिस ने पूरे प्रकरण की जांच शुरू कर दी है। विभाग कि माने तो मंगलवार से जटकन्हार में 5 से 6 कर्मचारियों के द्वारा पूरे आठ गांवों के खातों को चेक किया जाएगा। जो भी पीड़ित होंगे उन्हें 15 दिनों के भीतर भुगतान करने का आश्वासन दिया गया है।

### जनप्रतिनिधि भी धरने में हुए शामिल

ग्रामीणों का समर्थन करने विधायक हर्षिता स्वामी बघेल भी पहुंची। अधिकारियों के संतोष जनक जवाब नहीं मिलने के बाद वे खुद ग्रामीणों के साथ बैठ अनुविभागीय अधिकारी को आंदोलन स्थल बुलाकर मामले की गंभीरता को स्पष्ट किया। जनपद सदस्य गुलशन लिल्हारे व जटकन्हार के सरपंच भी मौके पर पहुंच धरने पर डटे रहे। वहीं पोस्ट ऑफिस के भीतर शहर कांग्रेस अध्यक्ष हरिश भंडारी ने भी आंदोलन की शुरुआत से विरोध जताते हुए कर्मचारियों की भूमिका पर सवाल उठाए। भंडारी ने आरोप लगाया कि डोंगरगढ़ पोस्ट ऑफिस के कर्मचारियों की सांठगांठ के बिना करोड़ों रुपये का फर्जीवाड़ा संभव नहीं है। उन्होंने स्थानीय कर्मियों की भूमिका को भी संदिग्ध बताया।

# ऑनलाइन बौद्धिक संपदा अधिकार जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**राजनांदगांव।** कॉन्फ्लुएंस कॉलेज के रिसर्च सेल द्वारा राजीव गांधी राष्ट्रीय बौद्धिक संपदा प्रबंधन संस्थान नागपुर, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय भारत सरकार के सहयोग से "बौद्धिक संपदा अधिकार एवं पेटेंट व डिजाइन फाइलिंग" विषय पर एक निःशुल्क ऑनलाइन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह एक घंटे का ऑनलाइन अतिथि व्याख्यान था। जिसमें स्नातक, स्नातकोत्तर उत्तीर्ण विद्यार्थियों, शोधार्थियों एवं शिक्षकों ने बड़ी संख्या में सहभागिता की। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को नवाचार, शोध एवं बौद्धिक संपदा संरक्षण के महत्व से अवगत कराना था। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता कुमार राजू सहायक नियंत्रक पेटेंट एवं डिजाइन आरजीएनआईआईपीएम नागपुर रहे। उन्होंने अपने 13 वर्षों से अधिक के सरकारी अनुभव के आधार पर पेटेंट, डिजाइन एवं उनकी फाइलिंग प्रक्रिया को सरल एवं व्यावहारिक रूप में समझाया। रिसर्च सेल के संयोजक अभिषेक वैष्णव ने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को शोध से पेटेंट तक की पूरी प्रक्रिया से परिचित कराना है।

### जिज्ञासा का समाधान

कार्यक्रम का अनलाइन संचालन प्रो. विजय मानिकपुरी द्वारा किया गया। कॉलेज प्राचार्य डॉ. रचना पांडेय ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम अकादमिक ज्ञान को राष्ट्रीय नवाचार नीति से जोड़ते हैं। संस्थान के निदेशक डॉ. मनीष जैन, संजय एवं आशीष अग्रवाल ने कहा "कॉन्फ्लुएंस कॉलेज शोध, नवाचार और उद्यमिता को बढ़ावा देने सतत प्रयासरत है। कार्यक्रम के अंत में प्रश्नोत्तर सत्र का आयोजन किया गया। जिसमें प्रतिभागियों ने पेटेंट फाइलिंग, विरोध मामलों तथा आईपीआर क्षेत्र में करियर से संबंधित जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्त किया।

समक्षः- न्यायालय श्रीमान जिला न्यायाधीश, डोंगरगढ जिला-राजनांदगांव छ.ग.

:: ज्ञापन ::

सि.एम.जे.सी.- 05अ/2026, प्रोसेस नम्बर :-
श्रवण तिथि 03/03/2026

कु.नेहा कंवर वगैरह ..... आवेदिकागण/वादीगण

// विरुद्ध //

अनिल कुमार वगैरह ...... अनावेदकगण / प्रतिवादीगण
बनाम - आम जनता, जिस किसी का हित हो

आवेदकगण के द्वारा अनिल कुमार वगैरह के विरूद्ध इस न्यायालय में वाद अंतर्गत धारा 8 संरक्षण एवं प्रतिपाल्य अधिनियम 1890 व्यवहार प्रकिया संहिता के तहत पेश किया गया है। आवेदन में उल्लेखित है कि आवेदिका क्र. 01 कु. नेहा कंवर, पिता स्व. अवधराम कंवर, उम्र 20 वर्ष जो कि विकृतचित बातचीत करने एवं सोचने समझने तथा चलने फिरने में अक्षम है की विधिक संरक्षिका घोषित किया जावें। आवेदन में यह भी उल्लेखित किया गया है कि संयुक्त नाम से धारित कृषि भूमि, स्थित ग्राम उरईडबरी तहसील लाल बहादुर नगर जिला राजनांदगांव में से खसरा नंबर 582/1, रकबा 0.2140 हेक्टेयर भूमि को कुमारी नेहा कंवर के उपचार एवं दैनिक आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु विक्रय करने की अनुमति की जावे।

अतः आपत्ति ईश्तहार का प्रकाशन किया जा रहा है, तथा अपेक्षा की जा रही है कि जिस किसी को आपत्ति हो, न्यायालय में पेशी दिनांक 03/03/2026 को प्रातः 11:00 बजे वाद का उत्तर देने के लिए, इस न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा हाजिर हो सकते है जिन्हे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस दावे संबंधित सारवान तथ्यो का उत्तर दे सके, या जिसके साथ कोई व्यक्ति हो जो ऐसे प्रश्नो का उत्तर दे सके, आपको यह भी निर्देश दिया है कि आप उस दिन सभी दस्तावेजो को पेश करे जिस पर आपकी प्रतिरक्षा या प्रतिदावा आधारित है।

आप को सूचित किया जाता है कि आप अथवा आपका प्लीडर उपर बताई तारीख को इस न्यायालय में हाजिर नही होंगे तो दावे की सुनवाई और उसका अवधारण आपकी अनुपस्थिति मे किया जावेगा, यदि किसी कारणवश उक्त पेशी तारीख को सार्वजानिक अवकाश घोषित किया जाता है या यदि किसी कारणवश कार्य स्थगित किया जाता है तो अगले कार्यदिवस पर प्रकरण की सुनवाई की जावेगी। अतः आज तारिख 16/02/2026 को मेरे हस्ताक्षर से न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया।

(प्रतिभा वर्मा)
जिला न्यायाधीश, डोंगरगढ
जिला - राजनांदगांव छ.ग
मुहर

## सार समाचार

### सीईओ ने की विकास कार्यों के प्रगति की समीक्षा




**राजनांदगांव।** जिला पंचायत सीईओ सुरूचि सिंह ने जिला पंचायत सभाकक्ष से वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के समस्त महत्वपूर्ण योजनाओं एवं विकास कार्यों के प्रगति की समीक्षा की। जिला पंचायत सीईओ ने प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण एवं मनरेगा अंतर्गत किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने अभियान चलाकर समय-सीमा में आवास निर्माण कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने आवास एवं मनरेगा विभाग के अधिकारियों को समन्वय स्थापित कर शत-प्रतिशत उपलब्धि लाने निर्देशित किया। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में हो रहे विकास कार्यों में प्रगति लाने नोडल अधिकारियों को प्रति सप्ताह ग्रामीण क्षेत्रों में संपर्क करने कहा। उन्होंने स्वच्छ भारत मिशन अन्तर्गत एफएसटीटी, डीडब्ल्यूएम, ग्रेवाटर प्रबंधन कार्य को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही निर्मित एसेट का शत-प्रतिशत जीओ टैग करने कहा। उन्होंने प्रत्येक शनिवार को ग्रामों में स्वच्छता त्यौहार मनाए जाने निर्देशित किया। उन्होंने अधिकारियों को स्वच्छता त्यौहार में शामिल होकर स्वच्छाग्राही दीदीयों को प्रोत्साहित करने एवं ग्रामीणों को समय पर स्वच्छता शुल्क देने प्रेरित करने कहा। उन्होंने सार्वजनिक स्थल पर कचरा फेंकने वालों पर अर्थदंड लगाने के निर्देश दिए।

### मीसा बंदियों पर खजाना लूटा रही सरकारः पिन्टू

**राजनांदगांव ।** मीसाबंदियों को पेंशन देने के निर्णय पर सवाल उठाते हुये प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता कमलजीत सिंह पिंटू ने कहा कि भाजपा की



सरकार सरकारी खजाने को संघ समर्थित मीसा बंदियों पर लुटा रही है। प्रदेश के युवाओं को न रोजगार दे पा रही है न बेरोजगारी भत्ता दे रही है। मीसाबंदी राजनीतिक रूप से सरकार का विरोध कर रहे थे। उन्हें पेंशन देने की क्या आवश्यकता ?क्या जनता की गाढ़ी कमाई भाजपा के समर्थित लोगों पर खर्च करने के लिये है? एक ओर सरकार कर्ज पर कर्ज ले रही है। कर्मचारियों को वेतन देने की स्थिति में नही है, सारे विकास काम वित्ति संकट के चलते बंद है, सड़क खराब है, सरकारी अस्पताल में सुविधाओं एवं दवा दवाई की कमी है, शिक्षा व्यवस्था बेहद खराब है, शिक्षकों की कमी समय पर पुस्तक वितरण नही हुआ छात्रवृत्ति नही मिला, सुरक्षा व्यवस्था ढर्रे पर है। आदिवासी वर्ग को बीते कई महीने से चना गुड़ नही मिल रहा है। रसोइयों को सम्मानजनक वेतन नही दिया जा रहा है। किसानों को समय पर भुगतान नही हो रहा है। नगरीय निकाय क्षेत्रों को मिलने वाली राशि नही दी जा रही है। हर वर्ग सरकार के वसूली नीति से परेशान है। जिससे सुधारने वित्तीय संकट बताया जाता है। फिर मीसा बंदियों को करोड़ो रुपया पेंशन की देने की क्या आवश्यकता है। भाजपा सरकारी खजाने से अपने समर्थित लोगो को पाल पोस रही है। ये प्रदेश के साथ अन्याय है।

### मनरेगा संशोधन के खिलाफ महापंचायत आयोजित

**राजनांदगांव।** मनरेगा में प्रस्तावित संशोधनों के खिलाफ रायपुर में युवा कांग्रेस के तत्वावधान में आयोजित ऐतिहासिक युवा महापंचायत ने प्रदेश



की राजनीति में नई ऊर्जा का संचार किया। इस विशाल आयोजन में छत्तीसगढ़ के कोने-कोने से हजारों युवाओं ने भाग लेकर रोजगार, अधिकार और सामाजिक न्याय के मुद्दे पर एकजुट होकर अपनी आवाज बुलंद की। महापंचायत में विशु अजमानी के साथ राजनांदगांव से पहुंचे युवाओं की सक्रिय और जोशीली भागीदारी विशेष रूप से चर्चा का विषय रही। इस अवसर पर भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रभारी मनीष शर्मा एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु चिब विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव, नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, भिलाई विधायक देवेंद्र यादव एवं पूर्व मंत्री शिव कुमार डहरिया की उपस्थिति रही। प्रदेश युवा कांग्रेस अध्यक्ष आकाश शर्मा के नेतृत्व में यह महापंचायत सफल रही। महापंचायत में एआईसीसी सचिव एवं भिलाई विधायक देवेंद्र यादव की भूमिका रही। उनके मार्गदर्शन और सहयोग से राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु चिब से युवाओं की मुलाकात संभव हुई। उन्होंने युवाओं का उत्साहवर्धन करते संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूत करने, युवाओं को नेतृत्व की मुख्यधारा में लाने तथा मनरेगा संशोधन के खिलाफ लोकतांत्रिक संघर्ष को तेज करने का आह्वान किया। सभा में विशु अजमानी की सक्रिय भागीदारी रही। उनके साथ ऋषि शास्त्री, शुभम कसार, सागर ताम्रकार एवं अभि गुप्ता भी शामिल हुए।

### पोषक विद्यालय संपर्क अभियान का आयोजन

**राजनांदगांव।** पोषक विद्यालय संपर्क अभियान एवं विस्तार गतिविधि के अंतर्गत शासकीय दिग्विजय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजनांदगांव के भौतिक शास्त्र विभाग द्वारा प्राचार्य डॉ. सुचित्रा गुप्ता के मार्गदर्शन एवं भौतिक शास्त्र की विभागाध्यक्ष डॉ. पीबी टांक के नेतृत्व में एक शैक्षणिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक डॉ. सुरेश कुमार पटेल एवं लेखा प्रसाद उर्वशा द्वारा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय आसरा में अध्ययनरत कक्षा 10वीं, 11वीं एवं 12वीं के विद्यार्थियों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है और इससे भविष्य में शिक्षा के नए अवसर उपलब्ध होंगे। इस अवसर पर विद्यार्थियों को एनईपी-2020 के प्रमुख प्रावधानों जैसे बहुविषयक एवं लचीली शिक्षा व्यवस्था कौशल विकास और व्यावहारिक शिक्षा पर जोर विद्यार्थी-केंद्रित शिक्षण पद्धति नवाचार, तार्किक एवं आलोचनात्मक सोच का विकास उच्च शिक्षा में नए अवसर के बारे में सरल एवं रोचक तरीके से समझाया गया। प्राध्यापकों ने बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 का मुख्य उद्देश्य शिक्षा को अधिक समावेशी, गुणवत्तापूर्ण एवं रोजगारोन्मुखी बनाना है।

## निधन

### चंद्रकांत रेवतकर



**राजनांदगांव।** लेबर कॉलोनी राजनांदगांव निवासी चंद्रकांत रेवतकर पिता स्व. जीआर रेवतकर 60 वर्ष का आज कार्यालयीन समय में हृदयघात की तकलीफ होने के कारण दोपहर 4 बजे आकस्मिक स्वर्गवास हो गया है। वह शिक्षा विभाग में व्याख्याता के पद पर कार्यरत थे। दिवंगत श्री रेवतकर भाजपा कार्यकर्ता सतीश रेवतकर के बड़े भाई एवं बॉबी व सन्नी के पिता थे। वे अपने पीछे मां, पत्नी एवं दो पुत्रों का भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं। उनकी अंतिम यात्रा उनके निज निवास लेबर कॉलोनी मकान नं. 119 से दोपहर 12 बजे लखोली मुक्तिधाम के लिए प्रारंभ होगी।

# सुबह नौ से रात नौ बजे तक शहर में भारी वाहनों की 'नो एंट्री'

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहरी सीमा क्षेत्र अंतर्गत नेशनल हाईवे एवं सर्विस लेन में आए दिन यातायात का दबाव बना रहता है। जिससे आम लोगों को आवागमन करने पर दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। इस समस्या को देखते हुए अब भारी वाहनों को सीआईटी बायपास एवं ट्रांसपोर्ट नगर तिराहा से डायवर्सन किया गया है।

हाईवे एवं सर्विस लेन में लगातार भारी वाहनों की आवाजाही के चलते आम लोगों को हलाकान होना पड़ जाता था। खासकर सर्विस लेन में जाम की स्थिति निर्मित हो जाती थी। वहीं दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती थी। इस समस्या के समाधान हेतु काफी दिनों से लोगों को इंतजार बना हुआ था।

#### यातायात दबाव कम करने डायवर्सन

जिसे देखते हुए पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कीर्तन राठौर के मार्गदर्शन में यातायात प्रभारी निरीक्षक नवरतन कश्यप के नेतृत्व में शहर में बढ़ते यातायात दबाव को कम करने के उद्देश्य से प्रातः 9 से रात्रि 9 बजे तक सीआईटी बायपास एवं ट्रांसपोर्ट नगर मार्ग से भारी वाहनों का डायवर्सन किया जा रहा है।



#### ओव्हरटेक ना करें

यातायात पुलिस ने भारी वाहन चालकों से अपील की है कि आवागमन हेतु ट्रांसपोर्ट नगर एवं सीआईटी चौक से बायपास मार्ग का उपयोग करें। बायपास मार्ग में ओवरटेक न करें, मार्ग में वाहन खड़ा न करें। आपात स्थिति में ही वाहन फ्लाई ओवर के नीचे निर्धारित स्थान पर खड़ा करें।

#### दुर्घटनाओं की होती थी आशंका

वर्तमान में शहर का निरंतर विस्तार एवं वाहनों की संख्या में वृद्धि होने से पेंड्री, राज इम्पीरियल चौक, आरके नगर चौक, बीजेपी कार्यालय तिराहा एवं रामदरबार चौक में यातायात का अत्याधिक दबाव बना रहता है। विशेषकर सुबह एवं शाम काम पर आने-जाने के समय पर एवं आम नागरिक अपने दैनिक कार्यों हेतु घर से बाहर निकलते हैं। जिससे भारी वाहनों के शहर में प्रवेश करने पर सड़क दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है।

#### फ्लेक्स लगे, जवान तैनात

इसी को दृष्टिगत रखते शहर में यातायात व्यवस्था को सुगम एवं सुरक्षित बनाए रखने के लिए पूर्व से निर्मित बायपास मार्ग से भारी वाहनों का डायवर्सन सुनिश्चित किया गया है। सीआईटी कट चौक और ट्रांसपोर्ट नगर तिराहा पर यातायात व्यवस्था सुचारू रूप से चालू रखने के लिए पॉइंट ड्यूटी पर जवान तैनात किया गया है।साथ ही डायवर्सन फ्लेक्स लगाया गया है।

## निजी स्कूलों की मनमानी से परीक्षार्थी परेशान

# फीस के चक्कर में नहीं दे रहे प्रवेश पत्र भड़के कांग्रेसियों ने घेरा डीईओ दफ्तर

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

निजी स्कूलों द्वारा शिक्षा का अधिकार (आरटीई) के तहत अध्ययनरत छात्रों व मध्यम-निम्न वर्गीय छात्रों को परीक्षा के लिए प्रवेश पत्र जारी न किए जाने के गंभीर मामले पर जिला शहर कांग्रेस कमेटी ने कड़ा रूख अपनाया है। इस मुद्दे को लेकर जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय का घेराव करते जिला शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जितेंद्र मुदलियार के नेतृत्व में कांग्रेस नेताओं ने तीखा विरोध दर्ज कराया। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि निजी स्कूल आरटीई के तहत शासन स्तर पर लंबित भुगतान का हवाला देकर छात्रों और परिजनों पर अनुचित दबाव बना रहे हैं। इसके साथ ही मध्यम वर्गीय परिवारों के छात्रों पर भी फीस चुकाने का दबाव बनाने परीक्षा प्रवेश पत्र रोकने जैसी कार्रवाई न केवल अमानवीय है, बल्कि यह सीधे-सीधे छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ है। आगामी सीबीएसई एवं छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल बोर्ड परीक्षाओं के मद्देनजर यह स्थिति अत्यंत चिंताजनक बताई गई।

इस दौरान प्रदेश प्रवक्ता रूपेश दुबे, उत्तर ब्लॉक अध्यक्ष चेतन भानुशाली, दक्षिण ब्लॉक अध्यक्ष लक्ष्मण साहू, मामराज अग्रवाल, अशोक पंजवानी, सूर्यकांत जैन, मनीष गौतम, शरद खांडेवाल, बबलू कसार, रसीद खान, संदीप सोनी, कुलदीप कुरंजरेकर, राहुल चौबे, वीरेंद्र चंद्राकर, अभिमन्यु मिश्रा, राजा यादव, राहुल साहू, निशा गुप्ता, नरेश साहू, अंकेश बाफना, रिषभ निर्मलकर, राकेश चंद्राकर, लोकू यादव, सोनू साहू, धीरेंद्र जांगड़े, ललित मरकाम, आशीष साहू, राहुल साहू, रूपेश साहू, गोलू नायक, राहुल यादव, सुरेंद्र देवांगन, पिंकू खान, तामेश्वर बंजारे, नीलेश ठावरे सहित अन्य कांग्रेसजन मौजूद थे।

### आरटीआई के विद्यार्थियों से ली गई फीस को वापस लौटाने की मांग



#### मानसिक रूप से कर रहे प्रताड़ित

जिला शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जितेंद्र मुदलियार ने कहा कि आरटीई का भुगतान राज्य शासन और प्रशासन का विषय है। इसके लिए मासूम छात्रों को मानसिक रूप से प्रताड़ित करना पूरी तरह आपत्तिजनक और अस्वीकार्य है। इसके अलावा मध्यमवर्गीय और गरीब परिवारों के बच्चों को फीस न चुकाए जाने पर परीक्षा से प्रवेश पत्र से वंचित रखना भी सरासर अत्याचार है।

#### घेराव के बाद आदेश जारी

उन्होंने मांग की कि आरटीई के तहत अध्ययनरत सभी छात्रों व फीस न चुका पाए जाने वाले मध्यमवर्गीय व गरीब परिवार के छात्रों को बिना किसी देरी के प्रवेश पत्र जारी किया जाए। 12वीं के छात्रों को परीक्षा के बाद टीसी के नाम पर परेशान न किया जाए। उन्होंने कहा कि जिन परिजनों से आरटीई के तहत अध्ययनरत छात्रों की फीस वसूली गई है, वह भी तत्काल वापस कराई जाए। घेराव के दौरान जिला शिक्षा अधिकारी ने मामले की गंभीरता को स्वीकार करते निजी स्कूलों को तत्काल प्रवेश पत्र जारी करने के निर्देश देने की बात कही तथा समाधान का आश्वासन दिया।

#### उग्र आंदोलन की चेतावनी

श्री मुदलियार ने दो टूक शब्दों में चेतावनी दी कि यदि भविष्य में आरटीई छात्रों के साथ इस प्रकार की शिकायतें दोबारा सामने आई तो जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में तालाबंदी सहित उग्र आंदोलन किया जाएगा। जिसकी समस्त जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

### जगदगुरू रामानंदाचार्य नरेन्द्राचार्य आज आएंगे

**अंबागढ़ चौकी।** जगदगुरू रामानंदाचार्य नरेन्द्राचार्य मंगलवार को नगर में रहेंगे। वे अंबागढ चौकी नगर में आयोजित एक दिवसीय समस्या मार्गदर्शन समारोह में छग एवं अन्य प्रदेश से आए हजारों भक्तों की समस्याओं पर मार्गदर्शन देंगे। स्वामी जगदगुरू रामानंदाचार्य नरेन्द्राचार्य महाराष्ट्र नाणीजधाम के दक्षिण पीठ के पीठाधीश्वर है।

तुम जिओ एवं दूसरो को जीवन दो की प्रेरणा देने वाले जगदगुरू रामानंदाचार्य नरेन्द्राचार्य दक्षिणपीठ के पीठाधीश्वर मंगलवार को छग एवं दीगर प्रांत से आए भक्तजनों की समस्याओ पर मार्गदर्शन देंगे। रामानंद संप्रदाय भक्त सेवा मंडल छग द्वारा आयोजित समसया मार्गदर्शन समारोह मंगलवार को प्रातः नौ बजे से आरंभ होगा।

यह कार्यक्रम नगर के ग्रीन पार्क क्रिकेट स्टेडियम में आयोजित है। आयोजन को सफल बनाने के लिए पिछले एक महिने से तैयारिया एवं प्रचार प्रसार चल रहा है।

आयोजक समिति रामानंद संप्रदाय भक्त सेवा मंडल छग से जुडे पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने बताया की समस्या मार्गदर्शन में शामिल होने वाले भक्तों का पंजीयन एवं प्रवेश हेतु पर्ची मंगलवार को सुबह सात बजे से मिलना शुरू हो जाएगा। आयोजन समिति रामानंद संप्रदाय भक्त मंडल ने नगर एवं क्षेत्रवासियों से समस्या मार्गदर्शन समारोह का लाभ उठाने की अपील की है।

## शादी का झांसा देकर नाबालिग से कुकर्म

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

नाबालिग बालिका को भगाकर शांदी का झांसा देकर कुकर्म करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

- मुखबीर की सूचना पर पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार

पुलिस सूत्रों के अनुसार प्रार्थी ने पुलिस चौकी जालबांधा में रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि उसकी नाबालिग पुत्री को कोई अज्ञात आरोपी बहला-फुसलाकर भगाकर ले गया है। रिपोर्ट पर चौकी जालबांधा थाना खैरागढ़ में अपराध धारा 137, (2) बीएनएस का अपराध का पंजीबद्व कर विवेचना मे लिया गया।

मामला गंभीर एवं नाबालिक बालिका होने से अपहता एवं अज्ञात आरोपी की पतासाजी हेतु तत्काल टीम गठित किया गया। पुलिस के अनुसार पुलिस टीम को मुखबीर से सूचना मिली कि अज्ञात आरोपी एवं पीड़िता गंडई में छिपे हुए हैं। मुखबीर की सूचना के आधार पर पीड़िता को आरोपी ओमप्रकाश साहू 19 वर्ष करमतरा के साथ बरामद किया गया।

#### पुलिस ने की कार्रवाई

पीड़िता से पूछताछ कर विस्तृत कथन लेख किया गया, जो बताई कि आरोपी ओमप्रकाश साहू उसे नाबालिक जानते हुए अपने प्रेमजाल में फंसाकर शादी का साझा देकर अलग-अलग जगह जाकर बलात्कार किया गया है। विवेचना के दौरान प्रकरण में धारा 64, 65 और 2 (ढ) बीएनएएस एवं धारा 4,6 पाक्सो एक्ट जोड़ा गया।आरोपी ओमप्रकाश साहू 19 वर्ष को 16 फरवरी को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी को न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया।

### श्री शिवमहापुराण कथा 22 से

**अंबागढ़ चौकी।** विकासखंण्ड के ग्राम सिंघाभेडी में श्री शिवमहापुराण 22 से 28 फरवरी तक आयोजित है। कथावाचक मध्यप्रदेश रतलाम जावरा के अन्तर्राष्ट्रीय कथावाचक बालयोगी विष्णु अरोडा होंगे। ब्लाक मुख्यालय से 15 किमी दूरी पर स्थित सिंघाभेडी में शिवमहापुराण कथा पूर्व मंत्री गोवर्धन नेताम एवं पूर्व विधायक तेजकुंवर नेताम एवं ग्रामवासियों द्वारा आयोजित किया जा रहा है। श्री शिवमहापुराण का आरंभ 22 फरवरी को वेदीपूजन माहत्य से होगा। 23 फरवरी को भगवान शिव के अर्धनारेश्वर स्वरूप की चर्चा, 24 को शिव सती प्रसंग, 25 को शिव पार्वती मिलन, 26 को श्री गणेश महिमा, 27 को श्री कार्तिकेय चरित्र एवं 28 फरवरी को भगवान शंकर सुवन हनुमान जी के चरित्र एवं हवन अनुष्ठान एवं पूर्णाहूती प्रसाद वितरण के साथ कथा का समापन होगा। श्री शिवमहापुराण कथा प्रतिदिन दोपहर 1 से सांय 4 बजे तक सुनाई जाएगी।

## रंजिश के चलते महिला की धारदार हथियार से हत्या

### पुलिस ने किया आरोपी को गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

ग्राम पांडरवानी राउतटोला तालाब में गहरीकरण कार्य के दौरान आपसी रंजिश के चलते आरोपी ने एक महिला पर धारदार हथियार से हमला कर हत्या कर दिया। इस मामले में पुलिस ने जांच पड़ताल करते हुए 24 घंटे के भीतर आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार थाना अंबागढ़ चौकी क्षेत्र अंतर्गत 15 फरवरी को चौकी पाटनखास के ग्राम पांडरवानी राउतटोला तालाब में गहरीकरण कार्य के दौरान एक महिला की हत्या किए जाने की सूचना पुलिस को प्राप्त हुई।



#### पुलिस टीम घटनास्थल पहुंची

प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक यशपाल सिंह के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक चिराग जैन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पीताम्बर पटेल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ऑप्स) देवचरण पटेल तथा पुलिस अनुविभागीय अधिकारी अंबागढ़ चौकी ताजेश्वर दीवान के मार्गदर्शन में अंबागढ़ चौकी थाना प्रभारी निरीक्षक अश्वनी राठौर व चौकी पाटनखास प्रभारी उप निरीक्षक गणेश यादव के नेतृत्व में टीम तत्काल घटनास्थल पहुंची। पुलिस के अनुसार घटनास्थल पर महिला मृत अवस्था में पाई गई, जिनके गर्दन के पीछे धारदार हथियार से गंभीर चोंट के निशान पाए गए। मृतिका के पुत्र अशोक कुमार यादव 25 वर्ष निवासी ग्राम पांडरवानी की रिपोर्ट पर आरोपी निलेश कुमार यादव 20 वर्ष निवासी ग्राम पांडरवानी के विरुद्ध धारा 103(1) भारतीय न्याय संहिता 2023 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया।

#### आरोपी पर कार्रवाई

पुलिस के मुताबिक प्राथमिक जांच में आपसी रंजिश के कारण घटना घटित होना पाया गया। पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड हेतु न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया है। शव पंचनामा कार्रवाई उपरांत पोस्टमार्टम कराया गया है। प्रकरण की विवेचना जारी है। उक्त कार्रवाई में चौकी पाटनखास के समस्त स्टाफ का सराहनीय योगदान रहा।

## महाराष्ट्र से पहुंची राष्ट्रीय गौरव यात्रा, शहर में हुआ भव्य स्वागत

**राजनांदगांव।** छत्रपति शिवाजी महाराज के जन्मदिवस पर आयोजित राष्ट्रीय गौरव यात्रा आज शहर पहुंची। इस दौरान यात्रा का शहर के शिवाजी पार्क में भव्य स्वागत किया गया। सामाजिक एकता का संदेश लेकर 14 फरवरी को महाराष्ट्र के सिंघमेंड़ से जगन्नाथपुरी के लिए निकली राष्ट्रीय गौरव यात्रा का आज छत्तीसगढ़ में प्रवेश के दौरान जिले के महाराष्ट्र सीमावर्ती पाटेकोहरा में जिला कुर्मी क्षत्रिय समाज के अध्यक्ष सुदेश देशमुख और प्रदेश युवा अध्यक्ष योगेश्वर देशमुख के नेतृत्व में यात्रा का भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान सहसपुर लोहारा के तिरेला समाज से भी बड़ी संख्या में शामिल लोग शामिल हुए। शिवाजी महाराज की जयंती पर गौरव यात्रा के राजनांदगांव शहर पहुंचने पर समाज के लोगों ने यहां यात्रा का स्वागत किया। इस दौरान समाज के लोगों ने शिवाजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते पूजा-अर्चना की। इस अवसर पर प्रदेश कुनबी समाज के अध्यक्ष अजय कवड़, मराठा मलई समाज के अध्यक्ष गणेश पवार, महाराष्ट्रीयन स्वर्णकार समाज के अध्यक्ष रूपेश फाये सहित देवांगन समाज और अन्य समाज के लोग शामिल हुए। महाराष्ट्र से निकलकर छत्तीसगढ़ पहुंची छत्रपति शिवाजी महाराज की राष्ट्रीय गौरव यात्रा को लेकर समाज के लोगों में खासा उत्साह नजर आया। इस दौरान जय भवानी-जय शिवाजी के नारे लगाए गए। वहीं छत्रपति शिवाजी महाराज की घोड़े पर झांकी आकर्षण का केंद्र रही। शहर के शिवाजी पार्क में आयोजित स्वागत कार्यक्रम पश्चात राष्ट्रीय गौरव यात्रा यहां से रवाना हुई। यह यात्रा दुर्ग, भिलाई, रायपुर होते हुए 19 फरवरी को छत्रपति शिवाजी के जन्म दिवस अवसर पर जगन्नाथपुरी पहुंचेगी।

### चुनाव के परिणाम आते ही मना जमकर उत्साह

# दीपांकर बने बौद्ध कल्याण समिति के अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर की प्रतिष्ठित बौद्धों की सबसे पुरानी सामाजिक संस्था बौद्ध कल्याण समिति राजनांदगांव के अध्यक्ष पद के लिए हुए चुनाव के परिणाम घोषित कर दिए गए हैं। वहीं कड़े मुकाबले के बाद दीपांकर खोब्रागड़े ने शानदार जीत हासिल करते अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी संभाल ली है।

उल्लेखनीय है कि समिति के अध्यक्ष पद के लिए कुल तीन उम्मीदवार दीपांकर खोब्रागड़े, श्रीमती वंदना मेश्रमा तथा विजय रंगारी ने अपना नामांकन दाखिल किया था। देर शाम हुई मतों की गिनती के बाद चुनाव परिणामों की घोषणा की गई। दीपांकर खोब्रागड़े ने अपनी निकटतम प्रतिद्वंदी श्रीमती वंदना मेश्राम को 501 मतों के बड़े अंतर से हराकर विजय प्राप्त की।



#### मतदाताओं में दिखा उत्साह

चुनाव को सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए दो मुख्य मतदान केंद्र बनाए गए थे। सिविल लाइन डॉ. अम्बेडकर सांस्कृतिक भवन तथा स्टेशनपारा शिक्षक नगर में स्थित रमाबाई भवन में सुबह से ही मतदाताओं की भीड़ देखी गई। चुनाव को लेकर लोगों में अच्छा खासा उत्साह भी दिखाई दिया। इस पूरी चुनावी प्रक्रिया के सफल संचालन के लिए प्रवीण नोन्हारे को मुख्य चुनाव संचालक नियुक्त किया गया था। चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद समर्थकों में भारी उत्साह देखा गया और नवनिर्वाचित अध्यक्ष को फूल-मालाओं के साथ बधाई दी गई।

#### सामाजिक उत्थान की दिशा में होगा काम



अध्यक्ष दीपांकर खोबागड़े ने कहा कि भले ही प्रक्रिया में जीत हुई है, पर असली जीत समाज की हुई, एक परिवर्तन को लेकर हुई है, युवाओं के नई उम्मीदों की हुई, वरिष्ठों के सम्मान की जीत हुई, समाज के अंतिम व्यक्ति के अधिकारों की जीत हुई है। आने वाले समय में निश्चित रूप से सामाजिक उत्थान, और मजबूत समाज के निर्माण में कार्य करेंगे।



खबर संक्षेप

## महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर माता पार्वती-शिव विवाह संपन्न



**कवर्धा कोलेगांव।** विकासखंड पंडरिया के ग्राम मोहतरा कला स्थित शिव मंदिर में प्रतिवर्षानुसार की भांति इस वर्ष भी महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर माता पार्वती एवं भगवान शिव शंकर का दिव्य विवाह समारोह श्रद्धा और उल्लास के साथ संपन्न कराया गया। समस्त ग्रामवासियों द्वारा विधि-विधान से पूजा-अर्चना करते हुए पंडितों के मंत्रोच्चार के साथ भगवान शिव एवं माता पार्वती का पूजन किया गया। तत्पश्चात पारंपरिक रीति-रिवाजों के अनुसार माता पार्वती का विवाह संस्कार संपन्न हुआ। विवाह कार्यक्रम में चूलमाटी, तेल देवतेला, हरदाही, बारात एवं कंकण मोक्ष जैसी पारंपरिक रस्में निभाई गई, जिससे पूरे गांव में उत्सव का माहौल बन गया। मंदिर परिषर को आकर्षक रूप से सजाया गया था और बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित होकर विवाह समारोह के साक्षी बने। ग्रामवासियों का विशेष सहयोग रहा।

### होली से पहले गन्ना किसानों को मिली खुशियों की सौगात

# विधायक भावना के प्रयासों से 8.69 करोड़ की राशि हुई जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

पंडरिया विधानसभा क्षेत्र के गन्ना किसानों को होली पर्व से पहले बड़ी सौगात मिली है।



लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल सहकारी शक्कर कारखाना मर्यादित पंडरिया द्वारा पेराई सत्र 2025-26 के अंतर्गत गन्ना विक्रेता कृषकों को 8 करोड़ 69 लाख रुपए का भुगतान जारी किया गया है। पंडरिया विधायक भावना बोहरा की सक्रियता व अथक प्रयासों से किसानों को मिली इस सौगात को लेकर किसानों में उत्साह दिख रहा है।

इस सौगात के लिए विधायक भावना बोहरा ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, कृषि मंत्री रामविचार नेताम, सहकारिता मंत्री केदार कश्यप एवं वित्त मंत्री ओपी चौधरी का आभार व्यक्त किया। कारखाना के प्रबंध संचालक उत्तर कुमार कौशिक ने जानकारी देते हुए बताया कि पेराई सत्र 2025-26 में गन्ना विक्रेता किसानों से एफआरपी राशि 329.05 रुपए प्रति क्विंटल की दर से गन्ना खरीदी की गई थी, जिसका कुल भुगतान योग्य राशि 40 करोड़ 5 लाख रुपए है। पूर्व में 3 करोड़ 45 लाख रुपए किसानों को प्रदान किए जा चुके थे।

शेष 36 करोड़ 6 लाख रुपए की देय राशि में से विधायक भावना बोहरा के अथक प्रयासों के परिणामस्वरूप 26 नवम्बर से 08 दिसंबर 2025 तक गन्ना विक्रय करने वाले कुल 2556 कृषकों को 329.05 रुपए प्रति क्विंटल की दर से 8 करोड़ 69 लाख रुपए का भुगतान होली पर्व से पूर्व जारी कर दिया गया है। अब तक कुल 12 करोड़ 15 लाख रुपए किसानों के खातों में अंतरित किए जा चुके हैं तथा शेष राशि का भुगतान भी अतिशीघ्र किया जाएगा।

**किसानों के खातों में राशि पहुंचना उनके परिश्रम का सम्मान**



पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने सभी किसानों को बधाई व शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हमारी प्राथमिकता सदैव किसान हित और उनका आर्थिक सशक्तिकरण रहा है। गन्ना किसानों की मेहनत का पूरा मूल्य उन्हें मिले, इसके लिए हम लगातार प्रयास कर रहें हैं। होली जैसे पावन पर्व से पूर्व किसानों के खातों में राशि पहुंचना उनके परिश्रम का सम्मान है। शेष भुगतान भी शीघ्र सुनिश्चित किया जाएगा, छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार और हम सब मिलकर किसानों के हितों की रक्षा के लिए निरंतर प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने आगे कहा कि पंडरिया क्षेत्र में कृषि आधारित अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं और भविष्य में भी किसानों के हित में निर्णायक कदम उठाए जाते रहेंगे। किसानों को प्रोत्साहित करना, उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाना और किसान हित की योजनाओं को प्रत्येक किसान तक पहुंचाकर उनका जीवन सुखद व सरल बनाना यही हमारा उद्देश्य है।

# पवन देवांगन ने छात्राओं को कम समय में अधिक अंक पाने के लिए उपाय बताए

- परीक्षा से पहले विद्यार्थियों के लिए जरूरी दिशा-निर्देश।

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

परीक्षा का समय विद्यार्थियों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण होता है। इस दौरान थोड़ी सी लापरवाही मेहनत पर पानी फेर सकती है, वहीं सही रणनीति अपनाकर कम समय में भी उत्कृष्ट परिणाम प्राप्त किए जा सकते हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए अशोका पब्लिक स्कूल कवर्धा के संचालक एवं वरिष्ठ शिक्षाविद पवन देवांगन ने नगर के समस्त विद्यार्थियों एवं अभिभावकों के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए हैं।



उन्होंने बताया कि वर्तमान समय में बोर्ड परीक्षाओं की प्रक्रिया में तकनीकी बदलाव भी हो रहे हैं। सीबीएसई द्वारा कक्षा 12वीं बोर्ड परीक्षा-2026 में मूल्यांकन प्रक्रिया को डिजिटल माध्यम (ऑन स्क्रीन मरकिंग सिस्टम) से करने की दिशा में कदम बढ़ाया गया है। इस प्रणाली में विद्यार्थियों की उत्तरपुस्तिकाओं को स्कैन कर उनकी डिजिटल प्रतियां तैयार की जाएंगी और सुरक्षित पोर्टल पर अपलोड किया जाएगा। इसके बाद परीक्षक कम्प्युटर स्क्रीन पर उत्तर देखकर मूल्यांकन करेंगे। इस नई व्यवस्था से मूल्यांकन प्रक्रिया अधिक पारदर्शी होगी, समय की बचत होगी तथा परिणाम समय पर घोषित किए जा सकेंगे। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि डिजिटल मूल्यांकन के इस दौर में विद्यार्थियों की लिखावट एवं उत्तर प्रस्तुति पहले से अधिक महत्वपूर्ण हो गई है। यदि लिखावट अस्पष्ट होगी, शब्दों के बीच दूरी सही नहीं होगी या अधिक कटिंग-ओवरराइटिंग होगी, तो स्कैन कॉपी में उत्तर पढ़ने में कठिनाई हो सकती है,जिससे विद्यार्थी विषय जानते हुए भी अपेक्षित अंक से वंचित रह सकते हैं।

संचालक ने विद्यार्थियों को सलाह दी कि परीक्षा में साफ-सुथरी लिखावट रखें,उत्तर क्रमवार लिखें, मुख्य बिंदुओं को अंडरलाइन करें तथा जहां आवश्यक हो वहां स्पष्ट आरेख (डायग्राम) बनाएं। उत्तर को बिंदुवार एवं व्यवस्थित रूप में प्रस्तुत करने से परीक्षक पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है।

## हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में महाशिवरात्रि पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया



**हरिभूमि कवर्धा।** नारी शक्ति महिला मंडल हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी जोराताल-कवर्धा में महाशिवरात्रि पावन पर्व में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर भगवान भोलेनाथ एवं माता पार्वती की भव्य बारात पूरे श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ निकाली गई। महाशिवरात्रि के शुभ अवसर पर सुबह से ही कॉलोनी में भक्तिमय माहौल बना रहा। श्रद्धालुओं द्वारा मंदिर परिषर को आकर्षक रूप से सजाया गया तथा विशेष पूजन-अर्चन की तैयारियां की गई। भगवान शिव की बारात जेल परिषर के पास स्थित जलेश्वर महादेव मंदिर से प्रारंभ हुई, जहां विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर भगवान से क्षेत्र की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की गई। इसके पश्चात ढोल-नगाड़ों, भजन-कीर्तन और हर-हर महादेव के जयघोष के साथ बारात हॉउसिंग बोर्ड कॉलोनी स्थित भगवान भोलेनाथ के मंदिर की ओर रवाना हुई। पूरे मार्ग में श्रद्धालुओं ने फूलों की वर्षा कर बारात का स्वागत किया। बारात में बड़ी संख्या में पुरुष, महिलाएं, युवा एवं बच्चे शामिल हुए, विशेष रूप से कॉलोनी की महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाई और भक्ति गीतों के साथ पूरे उत्साह से आयोजन को सफल बनाया। बच्चों और युवाओं में भी विशेष उत्साह देखने को मिला। मंदिर पहुंचकर भगवान भोलेनाथ और माता पार्वती की विधिवत पूजा-अर्चना की गई। श्रद्धालुओं ने क्षेत्र में शांति, भाईचारे, एकता और समृद्धि बनाए रखने की प्रार्थना की। आयोजन के दौरान प्रसाद वितरण भी किया गया। पूरे आयोजन में श्रद्धा, अनुशासन और आपसी सहयोग की झलक देखने को मिली महाशिवरात्रि के इस पावन पर्व पर कॉलोनीवासियों ने एकजुट होकर भक्ति और सामाजिक सौहार्द का संदेश दिया। हर्षोल्लास के साथ मनाया गया, यह पर्व क्षेत्र में आध्यात्मिक ऊर्जा और सकारात्मक वातावरण का संचार कर गया। आयोजकगण सदस्यों में प्रमुख रूप से नारीशक्ति श्रीमतीवर्षा चंद्राकर, मंजू चंद्राकर, सुवर्णा केशरी, वर्षा ठाकुर पायल राजपूत , पूर्णिमा ठाकुर, श्रीमती मागरे, रत्ना तिवारी, अंजना नौजिया, मंत्व कौशिक, नेहा वर्मा, कविता शुक्ला, अंजना कन्नौज, प्रमिला साहू, पदमा, दुर्गा ठाकुर, वर्षा वर्मा, मोनिका, बसंती यादव, पार्वती, पदमा तिवारी, सीतामणी बंजारे, लिपिका कौशिक, शीतला साहू, रत्ना तिवारी, भारती राव, लक्ष्मी चंद्रा विशेष रूप से उपस्थित थें।

# धनेली में श्री अखंड नवधा रामायण का भव्य आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया के ग्राम धनेली में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री अखंड ब्रह्मांड नायक मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम चंद्र की कृपा से श्री अखंड नवधा रामायण भव्य आयोजन बड़े हर्षोल्लास के साथ किया जा रहा है। यह धार्मिक आयोजन 09 से 18 फरवरी तक समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से सम्पन्न हो रहा है। इस कार्यक्रम में व्यासपीठ से विद्वान वक्ताओं द्वारा श्रद्धालुओं को श्रीराम चरित मानस का भावपूर्ण कथा श्रवण कराया जा रहा है। श्री अखण्ड नवधा रामायण के सप्तम दिवस एवं पावन महाशिवरात्रि के अवसर पर भागवताचार्य पं. धनंजय दुबे का विशेष आगमन हुआ। जहां श्री दुबे ने महाशिवरात्रि पर्व पर शिव पुराण को माध्यम बनाकर शिव कथा का विस्तृत वर्णन किया। कथा में जालंधर की पत्नी वृंदा के सतीत्व एवं भक्ति की महिमा का भावपूर्ण प्रसंग प्रस्तुत किया गया,



जिसे श्रद्धालुओं ने अत्यंत श्रद्धा के साथ सुना। इस आयोजन में त्रिवेणी मानस मंडली, मां महामाया बोल बम समिति एवं समस्त ग्रामवासियों का विशेष सहयोग प्राप्त हो रहा है। कार्यक्रम के मुख्य यजमान के रूप में ग्राम पटेल श्रीमती नरबदिया बल्लू साहू विराजमान हैं। कार्यक्रम का कुशल संचालन श्रवण साहू एवं लखन साहू द्वारा किया जा रहा है। व्यवस्था में गौतम साहू, दिनेश साहू, श्रीराम साहू, रोहित साहू, ईश्वरी साहू, उमेश साहू, भोला साहू, कुमार साहू, कुमार निर्मलकर, बलदाऊ साहू, होली चंद्रवंशी, भागवत ध्रुव, सुग्रीव साहू, संतोष साहू, सुशील साहू, लोमस चंद्रवंशी, अनुज साहू, विष्णु चंद्राकर, संजय साहू सहित समस्त ग्रामवासी धनेली का सराहनीय सहयोग मिल रहा है। इस भव्य धार्मिक आयोजन से ग्राम धनेली सहित पूरे क्षेत्र में श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक ऊर्जा का वातावरण बना हुआ है।

## नर्मदेश्वर शिवलिंग मंदिर परिसर में गूंजा हर हर महादेव



**हरिभूमि बरबसपुर।** जिला मुख्यालय से लगभग 7 किलोमीटर की दूरी पर स्थित औद्योगिक क्षेत्र ग्राम हरिनछपरा में जहां नर्मदेश्वर शिवलिंग की शिव मंदिर में महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी और हर हर महादेव की जय घोष से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो उठा। महाशिवरात्रि पर सुबह से देर रात तक श्रद्धालुओं द्वारा जल-दूध और बेलपत्र अर्पित कर परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की गई साथ ही साथ भक्तजनों द्वारा विधि विधान से पूजा अर्चना की धार्मिक आयोजन किया गया। महाशिवरात्रि पर्व पर मंदिर देवालयों में श्रद्धालुओं की तांता लगा रहा। बताया जाता है कि औद्योगिक क्षेत्र में स्थित शिव मंदिर नर्मदेश्वर शिवलिंग स्थापित किया गया है, जिसमें विधि विधान से पूजा अर्चना के माध्यम से श्रद्धालु भक्तों द्वारा किया गया, जिसमें धार्मिक आयोजन होने से क्षेत्र धार्मिकमय माहौल बना रहा ।

# विद्युत कंपनी ने आमजनों को स्मार्ट मीटर से होने वाले अनेक सुविधाओं की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा



छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी द्वारा ग्रामीण आमजनों को स्मार्ट मीटर की विविध सुविधाओं का लाभ उठाने के लिए वितरण केंद्र कुण्डा एवं दामापुर में स्मार्ट मीटर पखवाड़ा के अंतर्गत एक प्रभावी उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में उपभोक्ताओं को आधुनिक बिजली सेवाओं के लिए प्रेरित करते हुए स्मार्ट मीटर के माध्यम से पारदर्शिता और दक्षता को प्रोत्साहित कर उन्हें अपने मोबाइल के माध्यम से स्मार्ट मीटर में दर्ज खपत को देखने और उनके अनुसार ऊर्जा की बचत करने के तरीके की जानकारी दी गई।

अधिकारियों ने उपभोक्ताओं को स्मार्ट मीटर के कार्य प्रणाली, सटीक बिलिंग, रियल-टाइम खपत निगरानी एवं ऊर्जा संरक्षण के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। साथ ही उपभोक्ताओं की जिज्ञासाओं का समाधान कर उन्हें बिजली के कुशल उपयोग हेतु प्रेरित किया गया। इस कार्यक्रम में वितरण केंद्र कुण्डा से कनिष्ठ अभियंता सत्यम मरावी एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित थें। उल्लेखनीय है कि भारत सरकार के विद्युत मंत्रालय द्वारा जारी निर्देश के परिपालन में 9 से 23 फरवरी तक देश भर में स्मार्ट मीटर पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। यह अभियान रिवैम्पड डिस्ट्रीब्यूशन सेक्टर स्कीम (आरडीएसएस) के अंतर्गत संपादित किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य उपभोक्ताओं को बेहतर और पारदर्शी विद्युत सेवाओं के साथ-साथ वितरण कंपनियों की वित्तीय स्थिति को मजबूती प्रदान करना है। स्मार्ट मीटर पखवाड़े का मुख्य उद्देश्य उपभोक्ताओं में स्मार्ट मीटर के प्रति जागरूकता, विश्वास और स्वीकृति को बढ़ावा देना है। पखवाड़े के दौरान उपभोक्ताओं को प्रीपेड स्मार्ट मीटर के लाभों की जानकारी दी गई। इसमें अग्रिम भुगतान की सुविधा, रियल टाइम बैलेंस की जानकारी, बिजली खपत पर बेहतर नियंत्रण, सही एवं पारदर्शी बिलिंग, विवादों में कमी, लो-बैलेंस एवं असामान्य खपत की सूचना आसान रिचार्ज सुविधा तथा सेवा गुणवत्ता में सुधार शामिल है।

# उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के करकमलों से कमला देव एकेडमी हाई स्कूल का शुभारंभ

आदेश 05 नियम 20
पेशी दिनांक-20/03/2026
क्लेम्स प्रकरण क्र. 1237/25
प्रो. क्र.-204/16.02.26
**समंस / नोटिस ईश्तहार**
**न्यायालय- श्रीमान द्वितीय अपर मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण बिलासपुर (छ.ग)**
मनीष शर्मा - विरुद्ध - हीरालाल ठाकरे वगैरह
**// बनाम //**
हीरालाल ठाकरे पिता स्व. धुरेलाल ठाकरे
उम्र-42 वर्ष, निवासी-ग्राम घानीघुठा,
थाना-रेंगाखार कला,
जिला-कबीरधाम (छ.ग.)

मामले के आहत मनीष शर्मा पिता पी0पी0 शर्मा उम्र-43 वर्ष, की घटना दिनांक 21/11/2024 को वाहन ट्रक क्र0-सीजी-09/ जेसी/3201 के उपयोग एवं उससे अद्भूत दुर्घटना में गंभीर उपहित कारित हुई थी, जिसकी क्षति के क्षतिपूर्ति के लिए यह दावा आहत आवेदक के द्वारा संस्थापित की हुई है, आपको इस न्यायालय में दिनांक 20/03/2026 को दिन में 11:00 बजे दावा का उत्तर देने के लिए उपसंजात होने के लिए नोटिस ईश्तहार किया जाता है। आप लोग न्यायालय में स्वंय या अन्य किसी प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस दावा से संबंधित सभी सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सकें या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति ही जो ऐसे प्रश्नों का उत्तर दे सके। न्यायालय में उपसंजात के लिए जो दिन नियत किया गया है वह इस दावा के अंतिम निपटारे के लिए नियत दिन है, इस लिए आप लोगों को इस दिन अपने सब साक्षियों को या उन सब दस्तावेज को पेश करने के लिए तैयार रहना चाहिए जिस पर आप अपनी प्रतिरक्षा के लिए निर्भर रहना चाहते है।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बतायी तारीख को इस न्यायालय में उपसंजात नहीं होगे तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आप लोगों की अनुपस्थिति में किया जावेगा। यदि किसी कारण वश नियत दिनांक को अवकाश घोषित किया जाता है अथवा पीठासीन अधिकारी के अवकाश में रहने की स्थिति में मामले की सुनवाई अग्रिम कार्य दिवस में होगी ।

आज दिनांक 16/02/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा लगाकर जारी किया जाता है।

**(संतोष कुमार महोबिया)**
**द्वितीय अति. मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण बिलासपुर (छ.ग)**
**(सेन्ट्रल प्रोसेस फीस सेक्शन के उपयोग हेतु)**



हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

रेंगाखार क्षेत्र के लिए शिक्षा के क्षेत्र में एक नई उपलब्धि के रूप में कमला देव एकेडमी हाई स्कूल (इंग्लिश मीडियम) रेंगाखार का भव्य शुभारंभ प्रदेश के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के करकमलों से संपन्न हुआ। उद्घाटन अवसर पर आयोजित वार्षिक उत्सव कार्यक्रम उत्साह, उमंग और सांस्कृतिक रंगारंग प्रस्तुतियों के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने विद्यार्थियों को आर्शीवाद प्रदान करते हुए शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा ही बच्चों के उज्जवल भविष्य की नींव है। अनुशासन, संस्कार और आधुनिक ज्ञान का समन्वय ही सफलता की कुंजी है। उन्होंने विद्यालय परिवार को नई शैक्षणिक पहल के लिए शुभकामनाएं दीं। वार्षिक उत्सव में विद्यार्थियों ने एक से बढ़कर एक मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। जिसमें नृत्य, समूह गीत, सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं देशभक्ति प्रस्तुतियों ने उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया। बच्चों की आत्मविश्वास से भरी प्रस्तुतियों को अभिभावकों एवं अतिथियों ने तालियों की गड़गड़ाहट से सराहा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अभिभावकगण भी उपस्थित थें, जिन्होंने विद्यालय की इस नई पहल की सराहना करते हुए बच्चों के सर्वांगीण विकास की कामना की। विद्यालय के संचालक डॉ अतुल देव वर्मा ने बताया कि कमला देव एकेडमी हाई स्कूल का उद्देश्य गुणवत्तापूर्ण इंग्लिश मीडियम शिक्षा के साथ नैतिक मूल्यों और संस्कारों का समावेश करना है, ताकि क्षेत्र के विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध हो सके। इस अवसर पर ईश्वरी साहू, राम कुमार भट्ट, विरेन्द्र साहू, चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी व कार्यकर्ता गण उपस्थित थें।

## पेंड्रीकला में श्री अखण्ड नवधा रामायण मानसगायन सम्मेलन संपन्न



**हरिभूमि कोलेगांव।** ग्राम पंचायत पेंड्रीकला में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी भव्य नौ दिवसीय श्री अखण्ड नवधा रामायण मानस गायन सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें नौ दिनों तक चले इस धार्मिक-सांस्कृतिक आयोजन में क्षेत्र की कई प्रतिष्ठित मानस मंडलियों ने भाग लेकर अपनी मधुर प्रस्तुति से श्रद्धालुओं को भावविभोर किया। कार्यक्रम में अखिल ब्रह्मांड नायक मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीरामचंद्र की कथा विभिन्न स्वरों, भजनों एवं वाद्य यंत्रों के माध्यम से प्रस्तुत की गई। ग्रामवासी एवं क्षेत्रवासी बड़ी संख्या में उपस्थित होकर कथा श्रवण का पुण्य लाभ लेते रहे। इस श्री अखण्ड नवधा रामायण मानस मंडली में प्रतियोगिता परिणाम जिसमें प्रथम पुरस्कार त्रिवेणी मानस मंडली गोल्हापारा-लोरमी, द्वितीय पुरस्कार मानस मंडली कवर्धा, तृतीय पुरस्कार मानस मंडली दरगंवा-खैरझिटी, चतुर्थ पुरस्कार मानस मंडली कुआंगांव-मुंगेली, पंचम पुरस्कार मानस मंडली नाका महली ने अपनी उत्कृष्ट प्रस्तुति से सभी का मन मोह लिया। यह मंडली केवल पेंड्रीकला ही नहीं, बल्कि छत्तीसगढ़ सहित अन्य राज्यों में भी अनेक प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान प्राप्त कर चुकी है। शासन के विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भी यह मंडली अपनी प्रस्तुति दे चुकी है। इस मंडली की विशेषता यह रही कि कम उम्र की बालिकाओं ने टीकाकार, पैड, ऑर्गन, हारमोनियम, बांसुरी तथा गायन में अद्भुत प्रतिभा का प्रदर्शन किया। उनकी सुमधुर वाणी और तालमेल ने उपस्थित श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस नौ दिवसीय अखण्ड नवधा रामायण मानस गायन सम्मेलन का आयोजन मां महामाया बोलबम समिति द्वारा किया गया। आयोजन को सफल बनाने में युवा हिंदू दल समिति, बलरंग दल समिति, मां कात्यायनी काली उत्सव समिति, लक्ष्मी युवा दल समिति, आशुतोष मानस मंडली समिति, आजाद एकता लक्ष्मी उत्सव समिति तथा समस्त ग्रामवासियों का विशेष सहयोग रहा।

### व्हाट्सएप ग्रुप के जरिए खाईवाली कर सट्टा संचालन का खुलासा

# दो अलग-अलग मामलों में दो महिला सट्टेबाज गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा





कबीरधाम पुलिस द्वारा अवैध सट्टा गतिविधियों के विरुद्ध लगातार प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में थाना कवर्धा क्षेत्र में दो अलग-अलग मामलों में दो महिला सट्टेबाजों को गिरफ्तार किया गया है। कबीरधाम पुलिस द्वारा अवैध सट्टा गतिविधियों के विरुद्ध लगातार प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। जिसमें पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र बघेल एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कबीरधाम अमित पटेल के मार्गदर्शन में की गई। प्रकरण में अनुविभागीय अधिकारी पुलिस कवर्धा डीएसपी आशीष शुक्ला एवं डीएसपी कृष्ण चंद्राकर के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी कवर्धा निरीक्षक योगेश कश्यप एवं साइबर थाना प्रभारी निरीक्षक महेश प्रधान के नेतृत्व में दो अलग-अलग टीम गठित कर कार्यवाही की गई। जिसमें पहली कार्यवाही में मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर वार्ड क्रमांक 01 शिवाजी कॉलोनी कवर्धा में नंदनी उर्फ नीलू गुप्ता पति विक्रम गुप्ता आयु 42 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 01 शिवाजी कॉलोनी कवर्धा को अपने घर के सामने अवैध रूप से अंकों पर सट्टा खिलाते हुए पकड़ा गया। आरोपी के कब्जे से सट्टा-पट्टी, नगद रकम एवं पेन जप्त किया गया। आरोपी के विरुद्ध छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम के तहत कार्यवाही की गई। वहीं दूसरी कार्यवाही में वार्ड क्रमांक 05 लोहारा नाका देवारपारा कवर्धा निवासी पूजा बांधेकर पत्नी संदीप बांधेकर आयु 28 वर्ष को अलग प्रकरण में सट्टा गतिविधियों में संलिप्त पाए जाने पर कार्यवाही की गई।

आरोपी के विरुद्ध पृथक से अपराध पंजीबद्ध कर विधि सम्मत कार्यवाही की गई है। जांच में यह तथ्य सामने आया है कि दोनों महिला आरोपी व्हाट्सएप ग्रुप बनाकर विभिन्न ग्रुपों के माध्यम से अलग-अलग खाईवाली करते हुए सट्टा संचालित कर रही थीं। इनके माध्यम से सट्टा खेलने एवं खिलाने वाले अन्य व्यक्तियों के नाम भी प्रकाश में आए हैं, जिनकी पतासाजी की जा रही है। शीघ्र ही संलिप्त अन्य व्यक्तियों के विरुद्ध भी विधि सम्मत कार्यवाही की जाएगी। कबीरधाम पुलिस आम नागरिकों को यह स्पष्ट संदेश दिया कि जिले में सट्टा-जुआ, ऑनलाइन सट्टेबाजी एवं किसी भी प्रकार के अवैध धंधे को किसी भी कीमत पर पनपने नहीं दिया जाएगा। इस प्रकार के कृत्यों में संलिप्त व्यक्ति स्वयं अपने अवैध धंधे तत्काल बंद करें, अन्यथा उनके विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई के लिए पुलिस पूरी तरह तैयार है।

कबीरधाम पुलिस जनता की सुरक्षा और विश्वास के लिए प्रतिबद्ध है। अवैध गतिविधियों की सूचना देने वाले नागरिकों की पहचान गोपनीय रखी जाएगी। उक्त कार्यवाही में शालिनी वर्मा, राजकुमार चंद्रवंशी, विनोद खांडे, चंद्रकांत तिवारी, संजीव तिवारी, वैभव सिंह कलचुरी, लेखा चंद्रवंशी, नारायण पटेल, नेमसिंह, संदीप शुक्ला, अमित ठाकुर, वारिस खान, विजय शर्मा, शिवाकांत, अजय वैष्णव, हीरेंद्र साहू, धर्मेंद्र मरावी, महिला आरक्षक दीपा राय, पुष्पा चंद्रवंशी, इंद्राणी साहू, कविता निषाद का विशेष योगदान रहा।

## खबर संक्षेप



### राजानवागांव में महतारी सदन का भूमिपूजन

**कवर्धा।** महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर जनपद पंचायत बोड़ला अंतर्गत ग्राम पंचायत राजानवागांव में 30 लाख रुपए की लागत से बनने वाले महतारी सदन का विधिवत भूमिपूजन संपन्न हुआ। यह निर्माण कार्य क्षेत्रीय विधायक एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश के उपमुख्यमंत्री तथा गृह मंत्री विजय शर्मा की अनुशंसा पर स्वीकृत हुआ है। भूमिपूजन कार्यक्रम में मुख्य रूप से छत्तीसगढ़ पुलिस जवाबदेही प्राधिकार के सदस्य भगत पटेल, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि लोकचंद साहू, जनपद पंचायत बोड़ला के उपाध्यक्ष नंद श्रीवास, पूर्व मंडल अध्यक्ष गुलाब साहू, भाजपा भोरमदेव मंडल महामंत्री अजय लोधी कौशिक, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष दुर्गेश दुबे एवं किसान मोर्चा कार्यकारिणी सदस्य गीता राम साहू सहित भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे। कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने कहा कि महतारी सदन के निर्माण से ग्राम की महिलाओं को सामाजिक, सांस्कृतिक एवं सामुदायिक गतिविधियों के लिए एक सुसज्जित मंच उपलब्ध होगा। ग्रामवासियों ने इस स्वीकृति के लिए विधायक विजय शर्मा के प्रति आभार व्यक्त किया। गरिमामयी वातावरण में पूजा-अर्चना के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ।

### कारखाना में गन्ना खरीदी 29 फरवरी तक

**कवर्धा।** भोरमदेव सहकारी शक्कर उत्पादक कारखाना मर्यादित कवर्धा, द्वारा पेराई सत्र 2025-26 में गन्ना पेराई बंद होने की प्रथम सूचना जारी की गई है। कारखाना प्रबंधन ने अपने कार्यक्षेत्र के समस्त अंशधारी एवं गैर-अंशधारी गन्ना उत्पादक कृषकों को सूचित किया है कि वर्तमान पेराई सत्र के अंतर्गत गन्ना खरीदी की अंतिम तिथि 19 फरवरी 2026 निर्धारित की गई है। कारखाना प्रबंधन द्वारा संबंधित गन्ना उत्पादक कृषकों को गन्ना आपूर्ति पर्ची प्रदाय कर दी गई है।

# जनप्रतिनिधि और सनातन की ध्वजवाहक बन रहीं पंडरिया विधायक भावना बोहरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोदवागोडान (रविनंदन पाण्डेय)

राजनीति के गलियारों में जब सेवा, संकल्प और सनातन का संगम होता है, तो एक ऐसा व्यक्तित्व उभरता है जो न केवल जनता के दिलों पर राज करता है, बल्कि विकास की नई इबारत भी लिखता है। पंडरिया विधानसभा की विधायक श्रीमती भावना बोहरा आज इसी विशिष्ट पहचान का पर्याय बन चुकी हैं। एक सक्रिय जनप्रतिनिधि से लेकर एक कट्टर सनातनी और समर्पित समाजसेवी के रूप में उनकी छवि उन्हें अन्य नेताओं से कोसों आगे खड़ा करती है। विधायक बनने से पूर्व भावना बोहरा की पहचान मूलतः एक संवेदनशील समाजसेवी के रूप में थी। उनके व्यवहार की कुशलता और अटूट संकल्प शक्ति का ही परिणाम है कि अपने प्रथम कार्यकाल के मात्र दो वर्षों में ही उन्होंने प्रदेश की राजनीति में अपनी एक अलग धमक पैदा की है। विधानसभा के भीतर क्षेत्र की समस्याओं को जिस बेबाक और विशिष्ट अंदाज में वे उठाती हैं, उसकी प्रशंसा विपक्ष भी करता है। यही कारण है कि उनकी कार्यक्षमता और सदन में शानदार प्रदर्शन को देखते हुए उन्हें उत्कृष्ट विधायक के सम्मान से नवाजा गया, जो किसी भी प्रथम बार के विधायक के लिए एक बड़ी उपलब्धि है।

### विकास की नई परिभाषा



पंडरिया विधानसभा क्षेत्र में विकास की जो गति पिछले दो वर्षों में दिखी है, उसने पूर्ववर्ती विधायकों के रिकॉर्ड पीछे छोड़ दिए हैं। बुनियादी ढांचे के निर्माण से लेकर शिक्षा और स्वास्थ्य तक, उन्होंने हर क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किए हैं। उनके लिए राजनीति केवल पद नहीं, बल्कि विकास को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का माध्यम है।

### धर्म रक्षा और घरवापसीः सनातन के प्रति प्रतिबद्धता

श्रीमती बोहरा ने आदिवासी अंचलों में चल रहे धर्मांतरण के कुचक्र को न केवल पहचाना, बल्कि उसे रोकने के लिए साहसी कदम भी उठाए। धर्म रक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को स्पष्ट करते हुए उन्होंने धर्मांतरित हो चुके आदिवासी परिवारों की सम्मानपूर्वक घरवापसी का अभियान चलाया। यह उनके कट्टर सनातनी व्यक्तित्व का ही प्रमाण है कि आज पंडरिया अंचल में हिंदुत्व का नवजागरण हुआ है और सनातनियों का मनोबल बढ़ा है।

### कठिन साधना और अटूट इच्छाशक्ति

भक्ति और शक्ति का संगम उनके व्यक्तित्व में साफ झलकता है। सावन के महीने में अमरकंटक से भोरमदेव तक की उनकी पदयात्रा आज भी चर्चा का विषय है। भीषण बरसात, कीचड़ और कांटों भरे दुर्गम रास्तों पर उनकी वह यात्रा उनके मजबूत इरादों और असीम शारीरिक क्षमता का परिचय देती है।

### महिलाओं के बीच सखी की पहचान

भावना बोहरा की लोकप्रियता का एक बड़ा स्तंभ क्षेत्र की मातृशक्ति है। उन्होंने केवल राजनीति ही नहीं की, बल्कि महिलाओं के साथ भावनात्मक जुड़ाव बनाया है। चाहे वह भव्य कांवड़ यात्रा हो, नवरात्रि में गरबा का आयोजन हो, या तीज-होली मिलन समारोह वे हर जगह महिलाओं के बीच एक नेता नहीं, बल्कि एक सखी के रूप में खड़ी रहती हैं। हाल ही में कामठी में 151 शिवलिंगों का सामूहिक रुद्राभिषेक कराकर उन्होंने भक्ति के साथ-साथ सामाजिक समरसता का जो संदेश दिया है, उसने आम और खास हर वर्ग की महिलाओं को उनसे जोड़ दिया है। निश्चित रूप से, श्रीमती भावना बोहरा के सतत प्रयासों ने पंडरिया में विकास और अध्यात्म की एक नई बयार बहा दी है। उनकी यही सक्रियता, बेबाकी और सनातन के प्रति अटूट निष्ठा आने वाले समय में उनके राजनीतिक कद को और ऊंचाइयों पर ले जाएगी। उनके कार्यों ने स्पष्ट कर दिया है कि वे केवल एक जनप्रतिनिधि नहीं, बल्कि समाज और धर्म की रक्षक भी हैं।

**वारदात:** साहसी ग्रामीणों ने दो लुटरों को दबोच कर की जमकर पिटाई, दो फरार

# कट्टे की नोंक पर ग्रामीण दम्पत्ति से दिनदहाड़े लूट

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिले की खस्ताहाल और पूरी तरह से चरमरा चुकी कानून व्यवस्था के बीच हौसला बुलंद अपराधी व असामाजिक तत्वों ने सोमवार को जिले में दिनदहाड़े कट्टे की नोक पर लूट की सनसनीखेज वारदात को अंजाम दिया। मामला पिपरिया थाना क्षेत्र का है, जहां लखनपुर और सेमो गांव के बीच चार अज्ञात बदमाशों ने मोटर सायकल सवार ग्रामीण दम्पत्ति को रोककर लूटपाट की। वारदात के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल है, वहीं ग्रामीणों की सतर्कता से दो आरोपियों को मौके पर ही पकड़ लिया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम दम्पत्ति किसी निजी कार्य से मोटर सायकल पर जा रहे थे। इसी दौरान दो मोटर साइकिलों पर सवार चार बदमाशों ने सुनसान रास्ते पर उन्हें घेर लिया। आरोपियों ने पति को धमकाते हुए देशी कट्टा दिखाया और महिला के गले से सोने की चेन तथा कान की बालियां उतरवा लीं। घटना इतनी अचानक हुई कि ग्रामीण दम्पत्ति संभल भी नहीं पाए। लूट की वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार होने लगे। तभी आसपास मौजूद ग्रामीणों को घटना की भनक लगी। ग्रामीणों ने साहस का परिचय देते हुए बदमाशों का पीछा किया। पीछा करने के दौरान दो आरोपी मोटर सायकल समेत फिसलकर गिर पड़े, जिन्हें ग्रामीणों ने धर दबोच लिया। गुस्साए लोगों ने दोनों की जमकर पिटाई कर दी। बाद में सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने किसी तरह भीड़ से आरोपियों को छुड़ाया और हिरासत में लिया।

### आरोपियों से की जा रही है पूछताछ



इस संबंध में पिपरिया थाना प्रभारी श्री कश्यप से मिली जानकारी के अनुसार पकड़े गए आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। उनके पास से लूटी गई कुछ सामग्री बरामद होने की भी सूचना है, हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। वहीं फरार दो अन्य आरोपियों की तलाश में नाकेबंदी कर दी गई है और आसपास के इलाकों में सघन तलाशी अभियान चलाया जा रहा है।

### जिले की कानून व्यवस्था व सुरक्षा पर उठाए जा रहे सवाल

घटना के बाद क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सवाल उठने लगे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि इस मार्ग पर पहले भी असामाजिक तत्वों की गतिविधियां देखी गई हैं, लेकिन पर्याप्त पुलिस गश्त नहीं होने के कारण अपराधियों के हौसले बुलंद हैं। फिलहाल पुलिस का कहना है कि जल्द ही फरार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा और पूरे गिरोह का खुलासा किया जाएगा। इस घटना ने एक बार फिर दिनदहाड़े बढ़ते अपराधों को लेकर चिंता बढ़ा दी है, वहीं ग्रामीणों की बहादुरी चर्चा का विषय बनी हुई है।

# नकली शराब मामले में फरार आरोपी किया गया गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

कबीरधाम पुलिस द्वारा पूर्व में नकली देशी प्लेन मदिरा बनाने वाले अंतरराज्यीय गिरोह के विरुद्ध की गई कार्यवाही के प्रकरण में एक फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त हुई है। उल्लेखनीय है कि गत 26 नवम्बर 2025 को थाना बोड़ला अंतर्गत चौकी पोड़ी क्षेत्र के ग्राम पोड़ी में नकली देशी प्लेन मदिरा का अवैध निर्माण करते हुए आरोपियों नंद कुमार कुर्रे, इस्लाम उर्फ सुद्दू, शेख साजिद एवं छोटू उर्फ दिनेश चंद्रवंशी को गिरफ्तार कर नकली शराब एवं शराब निर्माण में प्रयुक्त सामग्री बड़ी मात्रा में जप्त की गई थी। प्रकरण में उक्त चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया था। प्रकरण में फरार चल रहा आरोपी जावेद अख्तर पिता करामतदीन उम्र 26 वर्ष निवासी पोड़ीटोला चौकी पोड़ी थाना बोड़ला जिला कबीरधाम, जो नकली शराब निर्माण के नेटवर्क में सहयोगी के रूप में संलिप्त था, जिसे 15 फरवरी 2026 को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है। पूछताछ में आरोपी द्वारा नकली शराब निर्माण हेतु स्टिकर, होलोग्राम, ढक्कन, केमिकल एवं अन्य सामग्री बाहर के राज्य झारखंड से उपलब्ध कराए जाने की पुष्टि की गई है। प्रकरण में अन्य संलिप्त आरोपियों एवं नेटवर्क से जुड़े व्यक्तियों की पतासाजी की जा रही है। आरोपी के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 34(1)ख, 34(2), 35, 49क, 59क तथा बीएनएस की धारा 318(4), 336(2), 336(3), 340(2), 3(5) के तहत अपराध पंजीबद्ध है। विवेचना जारी है। कबीरधाम पुलिस द्वारा अवैध शराब, नकली मदिरा निर्माण एवं जनस्वास्थ्य से खिलवाड़ करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध आगे भी इसी प्रकार कठोर एवं प्रभावी कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। जिले में किसी भी प्रकार की अवैध शराब गतिविधि को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# बोर्ड परीक्षा शुल्क वृद्धि के विरोध में एनएसयुआई ने जिला शिक्षा अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा कक्षा 10वीं एवं 12वीं की बोर्ड परीक्षा शुल्क में की गई वृद्धि के विरोध में एनएसयुआई कबीरधाम ने जिला शिक्षा अधिकारी के माध्यम से प्रदेश के शिक्षा मंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा।



संगठन ने बढ़ी हुई फीस को तत्काल वापस लेने की मांग की है। प्रदेश अध्यक्ष नीरज पांडे के आवाहन एवं जिला अध्यक्ष शितेष चंद्रवंशी के निर्देश पर शहर अध्यक्ष हरदीप पात्रे के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने विरोध दर्ज कराया। इस दौरान हरदीप पात्रे ने कहा कि परीक्षा शुल्क में की गई बढ़ोतरी अनुचित और अप्रत्याशित है। उनका कहना था कि इससे ग्रामीण और आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के विद्यार्थियों पर अतिरिक्त बोझ पड़ेगा तथा कई छात्र आर्थिक तंगी के कारण परीक्षा से वंचित हो सकते हैं। ज्ञापन में संगठन ने शुल्क वृद्धि को गरीब विरोधी निर्णय बताते हुए इसे शिक्षा के अधिकार पर प्रतिकूल प्रभाव डालने वाला कदम करार दिया। एनएसयुआई ने चेतावनी दी है कि यदि शासन ने शीघ्र निर्णय वापस नहीं लिया तो छात्र हित में उग्र आंदोलन किया जाएगा। इस अवसर पर एनएसयुआई के योगेश्वर जोशी, प्रदीप भट्ट, हिरेन्द बंजारे, भानु धृतलहरे, राजीव साहू, सूरज चंद्रवंशी, विनीत मिरज, मिथलेश देवांगन, आयुष बघेल, जयंत श्रीवास, लकी देवांगन, सूरज साहू, मनीष चंद्रवंशी, रितेश साहू, निखिल बंजारे, आशीष श्रीवास, सलमान खान, मारुती तिवारी सहित बड़ी संख्या में छात्र व कार्यकर्ता उपस्थित थे। सभी ने एक स्वर में मांग की है कि छात्र हित को सर्वोपरि रखते हुए शुल्क वृद्धि पर तत्काल रोक लगाई जाए।

# जिले के कई पदोन्नत प्रधान पाठकों ने स्कूलों में किया कार्यभार ग्रहण, 480 शिक्षक बने एचएम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के सतत प्रयास से जिले में कार्यरत एलबी संवर्ग के 80 शिक्षकों को प्रधान पाठक पूर्व माध्यमिक पद में पदोन्नति का लाभ मिला है।

पदोन्नति पश्चात पदांकन के लिए विगत 12 व 13 फरवरी को दुर्ग में कॉउंसलिंग सम्पन्न हुआ, जिन्हें स्थान चयन पश्चात संभागीय संयुक्त संचालक द्वारा तत्काल पदांकन आदेश जारी किया गया। अब पदोन्नत शिक्षकों ने कार्यभार ग्रहण करना प्रारंभ कर दिया है। इसी तारतम्य में एसोसिएशन की टीम ने जिलाध्यक्ष डॉ. रमेश कुमार चन्द्रवंशी के नेतृत्व में संघ के सक्रिय सदस्य रामसिंह साहू के कार्यभार ग्रहण के समय कवर्धा ब्लॉक के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला रबेली में उपस्थित रहकर उत्साहवर्धन किया। जिलाध्यक्ष डॉ. चन्द्रवंशी ने बताया कि बीस वर्ष के दीर्घकालिक संघर्ष के बाद सन 2018 में शिक्षाकर्मियों का स्कूल शिक्षा विभाग में संविलियन कर शासकीयकरण किया गया था।

संविलियन के बाद टीचर्स एसोसिएशन के वन टाइम रिलेक्सेशन की थीम को शासन ने स्वीकार करते हुए पदोन्नति के लिए निर्धारित पांच वर्ष के अनुभव को घटाकर तीन वर्ष किया। इसके आधार पर सन 2022 में जिले के 301 शिक्षकों को प्रधान पाठक पूर्व माध्यमिक में पहली बार पदोन्नति मिला। दूसरे बार सन 2025 में 99 शिक्षकों को पदोन्नति का लाभ प्राप्त हुआ। एसोसिएशन के प्रयास से प्रधान पाठक पूर्व माध्यमिक पद में अब 2026 में तीसरे बार 80 शिक्षकों को पदोन्नति मिला है। इस प्रकार अब तक जिले के कुल 480 शिक्षकों को प्रधान पाठक पूर्व माध्यमिक के पद पर पदोन्नति का अवसर मिला है। उन्होंने सभी पदोन्नत शिक्षकों को बधाई देते हुए पदोन्नत पद पर शीघ्र कार्यभार ग्रहण कर पदीय दायित्वों का बेहतर निर्वहन करते हुए शिक्षा गुणवत्ता में सुधार हेतु कार्य करने का आव्हान किया है। एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने पदोन्नति हेतु स्थानीय विधायक व छत्तीसगढ़ शासन के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, छग शासन, संयुक्त संचालक, जिला शिक्षा अधिकारी सहित प्रत्यक्ष-प्रत्यक्ष सहयोग प्रदान करने वालों के प्रति आभार व्यक्त किया है।



# पीएम श्री स्कूल के विद्यार्थियों ने किया मत्स्य महाविद्यालय का शैक्षणिक भ्रमण

- स्कूली विद्यार्थियों को दी गई कई आवश्यक जानकारियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

पीएम श्री स्कूल, जवाहर नवोदय विद्यालय कबीरधाम के कक्षा ग्यारहवीं विज्ञान संकाय के विद्यार्थियों ने विज्ञान ज्योति परियोजना के अंतर्गत स्वर्गीय पुनाराम निषाद मत्स्य महाविद्यालय कवर्धा का शैक्षणिक भ्रमण किया।

इस भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों को मत्स्य विज्ञान के क्षेत्र में चल रहे अनुसंधान, तकनीकी कार्यों एवं व्यावहारिक गतिविधियों से परिचित कराना था। यह शैक्षणिक भ्रमण प्राचार्य एनके लांजेवार के मार्गदर्शन में तथा श्रवण कुमार रसायन विज्ञान, सुश्री विनीता देवांगन प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक विज्ञान एवं शुभम गर्ग स्नातकोत्तर शिक्षक जीवविज्ञान के नेतृत्व में आयोजित किया गया।

महाविद्यालय पहुंचने पर विद्यार्थियों का मार्गदर्शन जल कृषि विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. दुष्यंत कुमार दामले द्वारा किया गया। उनके निर्देशन में विद्यार्थियों ने मत्स्य स्वास्थ्य संरक्षण एवं उपचार विभाग, जलीय पर्यावरण प्रबंधन विभाग, मत्स्य प्रजनन, बीज उत्पादन एवं हैचरी, सामुदायिक आधारित व्यवसाय संगठन विभाग तथा मत्स्य संसाधन प्रबंधन विभाग का अवलोकन किया।

भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों को प्रत्यक्ष प्रशिक्षण एवं प्रयोगात्मक गतिविधियों के माध्यम से आधुनिक मत्स्य पालन तकनीकों, वैज्ञानिक अनुसंधान पद्धतियों और व्यावहारिक कार्यप्रणाली की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। विशेषज्ञों से संवाद के जरिए विद्यार्थियों ने मत्स्य विज्ञान के क्षेत्र में उपलब्ध करियर संभावनाओं तथा सामुदायिक आधारित व्यवसाय मॉडल के विषय में भी महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त की। यह शैक्षणिक भ्रमण विद्यार्थियों के लिए अत्यंत ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायक सिद्ध हुआ। इससे उनकी वैज्ञानिक दृष्टि, अनुसंधान क्षमता और व्यावहारिक समझ में उल्लेखनीय वृद्धि हुई। विद्यार्थियों ने इस अवसर के लिए महाविद्यालय के डीन एवं समस्त संकाय सदस्यों के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया।

## निधन

### जमुना देवी चंद्राकर



**कवर्धा।** जिले के विकासखण्ड पंडरिया अंतर्गत ग्राम रापा (कुंडा) के विश्व हिंदू परिषद के जिलाध्यक्ष, कुर्मी समाज के प्रदेश महामंत्री नंदलाल चंद्राकर की धर्मपत्नी श्रीमती जमुना देवी चंद्राकर का गत 15 फरवरी की रात्रि कालीन 8:30 बजे आकस्मिक निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 16 फरवरी को उनके गृह ग्राम स्थित मुक्तिधाम में किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में समाज के लोगों, परिजनो तथा गणमान्य नागरियों को शामिल होकर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। सहज, सरल और मृदुभाषी श्रीमती चन्द्राकर के निधन से उनके परिवार तथा गांव में शोक व्याप्त है। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गई है।

**12 ग्रामों से आए 153 ग्रामीणों ने प्राप्त किया स्वास्थ्य शिविर का लाभ**

# बैजलपुर के बाजार परिसर में नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर लगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

एसबीआई फाउंडेशन के सहयोग से शिखर युवा मंच द्वारा संचालित एसबीआई संजीवनी एमएमयू टीम कबीरधाम द्वारा 16 फरवरी को ग्राम बैजलपुर के बाजार परिसर में निःशुल्क विशेषज्ञ स्वास्थ्य शिविर का सफल आयोजन किया गया। यह विशेष शिविर आंख, कान, नाक एवं गला (ईएनटी) रोगों की जांच एवं उपचार हेतु आयोजित किया गया, जिसमें आसपास के 12 ग्रामों से आए कुल 153 ग्रामीणों ने स्वास्थ्य लाभ प्राप्त किया। शिविर का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के नागरिकों को उनके निवास स्थान के समीप गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना तथा गंभीर रोगों की समय रहते पहचान कर उचित उपचार की दिशा में अग्रसर करना था। शिविर में मरीजों का पंजीयन, प्राथमिक स्वास्थ्य परीक्षण, विशेषज्ञ परामर्श एवं आवश्यक जांच की व्यवस्था की गई थी। कुल 58 लोगों की लैब जांच की गई, वहीं 51 लोगों की नेत्र जांच की गई। जांच के उपरांत 28 मरीजों को त्वरित ऑपरेशन के लिए रेफर किया गया, ताकि उन्हें शीघ्र समुचित उपचार मिल सके। इस स्वास्थ्य शिविर में मुख्य चिकित्सक डॉ. लोकेश चन्द्रवंशी एवं उनकी टीम सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बोड़ला से उपस्थित रहे। साथ ही पीके गुप्ता (ओएओ) एवं उनकी टीम जिला अस्पताल कबीरधाम से भी विशेष रूप से शामिल हुई। इसके अतिरिक्त डॉ. लखन सिंह राजपूत एवं डॉ. पुन्नी दास मानिकपुरी ने भी अपनी महत्वपूर्ण सेवाएं प्रदान कीं। सभी चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों ने अत्यंत समर्पण भाव से मरीजों की जांच एवं परामर्श किया। शिविर के सफल आयोजन में ग्राम बैजलपुर की सरपंच श्रीमती ममता आदालत मेरावी, ग्राम सिंघारी के सरपंच एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। मितानिन कार्यकर्ताओं बालकुमारी, रम्भा बाई, बिंदा बाई, रसीला बेगम, लता बाई एवं मतिया बाई ने ग्रामीणों को जागरूक करने, शिविर तक लाने एवं व्यवस्थाओं में सहयोग प्रदान करने में अहम भूमिका निभाई। ग्राम सचिव आरके साहू ने भी शिविर प्रबंधन में सक्रिय सहयोग देते हुए आयोजन को सुव्यवस्थित एवं सफल बनाने में योगदान दिया। एसबीआई संजीवनी एमएमयू टीम द्वारा किए गए इस प्रयास की ग्रामीणों ने सराहना की तथा भविष्य में भी ऐसे स्वास्थ्य शिविरों के आयोजन की अपेक्षा व्यक्त की।

